हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025



# उद्योग समूह सवारेंगे संस्कारधानी के उद्यान, 22 गार्डन किए गए चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में लाखों-करोड़ों खर्च करने के बाद भी उपेक्षित पड़े उद्यानों को अब निजी उद्योग सवारेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने नवीन पहल करते उद्योग समूह को गार्डन की देखरेख का दायित्व देने योजना बनाई है। जिसके माध्यम से उजाड़ पड़े उद्यानों में वृक्षारोपण और इसका बेहतर रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा शहर में अमृत मिशन योजना से नए गार्डन बनाने के साथ ही और पुराने कई गार्डन का जीर्णोद्वार किया जा चुका है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों और जनभागीदारी में कमी के चलते यह गार्डन चंद महीनों में ही उजाड़ होने लगे हैं। इन उद्यानों को बचाने के लिए शहर के सेवाभावी उद्योग समूहों को शामिल किया जा रहा है, ताकि शहर में विकसित किए गए उद्यानों का बेहतर रखरखाव हो सके।

**उपेक्षित पड़े हैं उद्यान :** शहर की हरियाली और सौंदर्यीकरण के लिए कई जगहों पर उद्यानों का निर्माण किया गया है, लेकिन इसके रखरखाव में कमी के चलते उद्यान उजाड़ हो रहे हैं। शिवाजी पार्क, नेहरू पार्क सहित दर्जनभर से अधिक उद्यान उपेक्षित पड़े हुए हैं। रखरखाव के अभाव के चलते रियासतकालीन समय के उद्यान भी विलुप्त हो गए हैं। शहर का भूलनबाग अब केवल इतिहास हो गया है।

## संरक्षण के साथ ही पौधारोपण कर संवर्धन का भी करेंगे काम, सीएसआर मद से काम

### बगीचों का था शहर

रियासतकालीन दौर में राजनांदगांव शहर बगीचों का शहर हुआ करता था। शहर की व्यवस्थित बसावट सुविधाओं के साथ ही यहां हरी-भरी फुलवरियां भी नजर आती थी। बगीचों के चलते शहर के बल्देवबाग, लालबाग और भूलनबाग जैसे कुछ क्षेत्रों का नाम बगीचे के साथ ही जुड़ गया।

### बंगलों में तैनात कर्मी

गार्डन की देखरेख करने के लिए नगर निगम द्वारा लोककर्म विभाग से कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं, लेकिन यहां कर्मचारी गार्डन में नजर नहीं आते हैं। गार्डन के नाम पर रखे गए ज्यादातर कर्मचारी कुछ अधिकारियों और नेताओं के बंगले में दिखाई देते हैं। जिसके चलते गार्डन में साफ-सफाई, पौधों की देखरेख प्रभावित होती है।



### उद्यानों को मिलेगा नया जीवन

वर्तमान समय में राजनांदगांव शहर में लगभग दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े उद्यान हैं। इसके रखरखाव के लिए नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च किया जाता है। कई बार उद्यानों का जीर्णोद्धार भी होता है, लेकिन उसके बाद उद्यान फिर से उजड़ हो जाते हैं। शहर के अधिकांश गार्डन अभी भी बदहाली में पड़े हुए हैं। उम्मीद है कि प्रशासन और नगर निगम की इस पहल से मृतप्राय हो रहे गार्डन को नया जीवन मिलेगा।

### 12 उद्यानों के लिए सहमति

इस योजना को लेकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि शहर में 22 गार्डन है, जिस पर नवाचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्योग समूहों को इन गार्डन को संवारने दायित्व दिया जा रहा है। जिनमें वह वृक्षारोपण के साथ गार्डन का रखरखाव भी करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अभी 22 में से 12 गार्डन के लिए उद्योग समूह की सहमति मिल चुकी है। शेष 10 गार्डन के लिए अन्य उद्योगों से बात चल रही है।

## खबर संक्षेप

### 2 और 3 अगस्त को अखंड दुर्गा चालीसा

**खैरागढ़।** विश्व शांति, जन कल्याण, सामाजिक सद्भावना, धर्म रक्षा और आत्मोत्थान की दिशा मे लगातार सामाजिक चेतना का प्रचार प्रसार कर रही भगवती मानव कल्याण शाखा द्वारा शनिवार 2 और रविवार 3 अगस्त को दो दिवसीय अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ कराया जाएगा। मेन रोड सांस्कृतिक भवन मे आयोजित कार्यक्रम के बाद रविवार 3 अगस्त को लोगो को नशा मुक्त करने नशा मुक्ति जनजागरण रैली निकाली जाएगी जो शहर भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुँचेगी। संगठन के जिलाध्यक्ष रूपकुमार वर्मा, रत्नेश वर्मा, उदयराम वर्मा, अनिल पाल, अरविंद निषाद, नंदकुमार निषाद सहित अन्य ने उक्त आयोजन मे अधिकाधिक संख्या मे उपस्थित होकर मानव जीवन को सफल बनाने की अपील की है।

### नाबालिक बालिका हैदराबाद में मिली

**राजनांदगांव।** एक नाबालिक बालिका को बहला-फुसला कर आरोपी अपने साथ ले गया था। जिसकी खोजबीन करते पुलिस ने नाबालिक बालिका को हैदराबाद से बरामद किया। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार बोरतालाब क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 16 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक बेटी 14 जून से लापता है। घर से बिना बताए कहीं चली गई है, निश्चित ही कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले गया होगा कि रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी एवं गवाहों का पूछताछ कर विस्तृत कथन लेख किया गया, तब जानकारी मिली कि ग्राम उरईडबरी निवासी यशवंत वर्मा 26 साल नाबालिक लड़की को अपने साथ ले गया है, जो वर्तमान में हैदराबाद में लुक-छिपकर रह रहा है। सायबर सेल राजनांदगांव से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर थाना बोरतलाव से पुलिस टीम रवाना किया गया। पुलिस के मुताबिक हैदराबाद चंदन नगर हाफिसपेंट कोंडापुर से नाबालिक लड़की को आरोपी यशवंत वर्मा के कब्जे से बरामद किया गया एवं सुरक्षित लाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

⏩ शेष पेज 14 पर

## कल से लागू होगी नई दरें, बिजली उपयोग करना होगा महंगा

# अगस्त से लगेगा बिजली बिल का झटका 100 यूनिट में 50 रुपए अधिक होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में परिवर्तन कर दिया है। उपभोक्ताओं को 300 से 400 यूनिट की खपत पर 30 से 50 रुपए तक अधिक देना पड़ेगा। वहीं 500 से 600 यूनिट पर 70 रुपए तक ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। जाहिर है इससे उपभोक्ताओं की जेब ढीली होना तय है। इसका विरोध भी हो रहा है, लेकिन कंपनी द्वारा दर लागू होने के बाद अगस्त माह में बिजली बिल नई दरों के साथ ही मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दे दिया है। अगर आप 300 से 400 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं तो अगस्त के बिल में 50 रुपए तक की राशि जुड़ जाएगी। इसी तरह से 500 से 600 यूनिट तक खपत होने पर 60 व 70 रुपए अतिरिक्त देना पड़ेगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों को स्वीकृति दे दी है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावशील लागू हो चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार एक यूनिट बिजली की उत्पादन लागत जहां 7.20 रुपए है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को यह न्यूनतम 4.10 रुपए प्रति यूनिट की दर से दी जा रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि भले ही आयोग ने 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की है, लेकिन अभी तक ट्रैफिक बुक नहीं मिल सका है। ऐसे में अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि कितने रुपए की बढ़ोत्तरी होगी। दरअसल बिलिंग ऑनलाइन प्रोसेस में है। ऐसे में कुछ चार्ज में इसे जोड़कर बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में हाफ यानि 50 प्रतिशत की छूट देती रहेगी।

### 400 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल में 50% की छूट रहेगी जारी



| यूनिट | वर्तमान दरें राशि | नई दर राशि |
|---|---|---|
| 0-100 | 3.90 पैस 390 रु. | 4.10 410 |
| 101-200 | 4.10 410-820 | 4.20 424.2 |
| 201-400 | 5.50 1105-2200 | 5.60 1125.6 |
| 401-600 | 6.50 2606.5-3900 | 6.60 2646.6 |
| 601+ | 8.10 4868.1 | 8.30 4988.3 |

**ऐसे समझे उदाहरण:** अभी 400 यूनिट खपत पर 1324 रुपए बिल आता है। इसमें 50% छूट, अन्य प्रभार शामिल हैं। नई टैरिफ में 10 पैसे प्रति यूनिट बढ़ने और अन्य प्रभार जोड़कर उपभोक्ता पर 30 रुपए का और भार बढ़ जाएगा। इस तरह उसे महीने का बिजली बिल 1354 रुपए देना होगा।

**निम्न दाब :** इलेक्ट्रिक चार्जिंग यूनिट लगाने वालों से बिजली 7.02 रुपए प्रति यूनिट रहेगी। पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों को ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट। बायोमास ब्रिकेट्स यूनिट को निम्न दाब उपभोक्ता में शामिल किया गया। वहीं **उच्च दाब** में उपभोक्ता यानी इस्पात उद्योगों को लोड फैक्टर पर रियायत 50 से बढ़ाकर 75 प्रतिशत देने की घोषणा। स्टैंड अलोन स्टोन क्रशर, मिक्सर व स्टोन क्रशन सह मिक्सर उद्योग को उच्चदाब-2 से हटाकर उच्चदाब-3 में शामिल किया गया। स्टील उद्योगों की दरें 15 से बढ़ाकर 30 पैसे प्रति केवीएएच की गई हैं। लोड फैक्टर रिबेट की अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत।

### सभी श्रेणियों में बढ़ेगा बिल

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें बढ़ा दी गई है। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरें 10-20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गई है। वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं को औसत 25 पैसे प्रति यूनिट का झटका दिया गया है। इसके अलावा कृषि पम्पों के उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाई गई है। विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ रेट 1 जुलाई से लागू किया है, भले ही नई दरों की घोषणा 11 जुलाई को की गई है।

# अब ई-ऑफिस के जरिए होगा प्रशासन का काम ढिलाई पर नपेंगे अफसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के इस दौर में अब प्रशासनिक कामकाज भी पूरी तरह से डिजीटल होने जा रहा है। कल यानि एक अगस्त से अब सभी प्रशासनिक दफ्तर में ई-ऑफिस की शुरूआत होने जा रही है। सभी फाईल, दस्तावेज और कामकाज अब डिजीटल तरीके से ही किया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी विभागों को भी शत-प्रतिशत ई-ऑफिस से काम करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित की गई समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सभी फाईल से संबंधित कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें। सभी विभागों को ई-ऑफिस का कार्य सक्रियता से सीखने के निर्देश दिए। 1 अगस्त के बाद फाईल से संबंधित समस्त कार्य साप्ताहिक एवं जनदर्शन की सभी फाईल, दस्तावेज कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत होना चाहिए। सभी विभागों में भी फाईल संबंधी कार्य एवं नस्तियां ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की जिज्ञासा होने पर इसके संबंध में समाधान करें तथा अपने डिजिटल हस्ताक्षर के लिए सहमति ले। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के निरीक्षण के लिए अपर कलेक्टर एवं एनआईसी के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, एसडीएम श्रीकांत कोराम, एसडीएम अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ढिलाई करने पर होगी कार्रवाई

प्राथमिकता देते हुए ई-ऑफिस का कार्य गंभीरता से करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ई-ऑफिस के संचालन एवं क्रियान्वयन नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागों को शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करें तथा डेशबोर्ड में अपने कार्यों से संबंधित एंट्री अवश्य करें।

### जलजीवन के काम में तेजी लाने निर्देश

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के सर्वेक्षण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जेम पोर्टल से खरीदी के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर भुरे ने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल डेशबोर्ड में जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिए।

# सूने मकान का ताला तोड़कर आभूषण की चोरी, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने घर का दिन दहाड़े ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य कागजात चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरईडबरी टोलापारा स्थित घर से 28 जुलाई को सुबह लगभग साढे 10 बजे प्रार्थिया खेत में दवाई छिड़काव कराने गई हुई थी। दोपहर लगभग साढे 12 बजे खेत से दवाई छिड़काव कर वापस जब घर आई तो देखी कि घर का दरवाजा खुला था। ताला टूटा नीचे जमीन पर पड़ा था। घर के अंदर पेटी का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। गोदरेज का आलमारी टूटा हुआ खुला था। जिसमें रखे 50 हजार रुपए नगदी, सोने का



1 नग पत्ती, 4 नग सोने का गेहूं दाना, 2 नग चांदी का पटा एवं घर के सदस्यों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य कागजात को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### आंगनबाड़ी से टीवी चोरी

इधर घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारभाठा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 का गत रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हाल में लगे टीवी को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# झांकी में डीजे बजाने की अनुमति! नियम तोड़ने पर होगी सीधे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में प्रसिद्ध संस्कारधानी के गणेशोत्सव को लेकर जहां समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं पुलिस-प्रशासन भी रूट सहित अन्य तैयारियों को लेकर अब बैठक कर रहा है। डीजे-धुमाल को लेकर आयोजित एक बैठक के दौरान सभी संचालकों से सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाइन के अनुसार साउंड सिस्टम के उपयोग के निर्देश दिए गए। बताया गया कि चार बेस एवं चार टॉप वाले सिस्टम विसर्जन के दौरान उपयोग किए जा सकेंगे। हालांकि नियम की अवहेलना करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

प्रतिवर्ष के अनुसार इस बार भी आगामी दिनों में गणेशोत्सव के पर्व के दौरान शहर के प्रमुख चौक-चौराहे सहित जिलेभर में गणेशजी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। पर्व के अंत में विसर्जन के दिन शहर में परंपरागत तरीके से झांकिया भी निकाली जाएगी।

⏩ शेष पेज 14 पर

*डीजे में रंग-बिरंगी लाईटिंग करने पर रोक, सेहत पर असर का हवाला*



### सुने गए सुझाव

संचालकों द्वारा हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित गाईड लाइन के अनुसार डीजे संचालन पर सहमति प्रदान दिया गया तथा साउंड सिस्टम के लिए शासन प्रशासन के दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए साउंड बजाने पर विचार कर सहमति दिया गया। डीजे समिति के संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और उनके सुझाव भी सुने गए।

छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज
धनोरा, भिलाई
नर्सिंग बी.एस.सी.
9827968807

# बिना बताए घर से भागे 3 नाबालिक बच्चों को कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने खोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर से बिना किसी को कुछ बताए तीन नाबालिक बच्चे कहीं चले गए थे। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में तीनों नाबालिक को खोजकर सकुशल परिजनों को सौंपा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 जुलाई को सुबह साढे 9 बजे घर से उसके बच्चे तीन बच्चे उम्र छह से 12 वर्ष के, जो घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। शाम तक बच्चे घर नहीं आने पर प्रार्थी के पिता द्वारा बताने पर बच्चों का पता तलाश आसपास के स्थान, रिश्तेदार, नागबहारा मंदिर, पुराना घर, स्कूल में




बच्चों का पता तलाश कर नहीं मिलने पर तीनों बच्चों को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर ले गया है, रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी दिलीप पटेल, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक चंद्रशेखर यादव, संजय यारदा, कमल नेताम तथा थाना स्टाफ चौकी तुमडीबोड़ का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा।

### घूमने आए थे बच्चे

पुलिस के अनुसार अपहृताओं का पता तलाश किया जा रहा था। अपहृत बालक का राजनांदगांव रानीसागर दरगाह के पास अपने चाचा के घर होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ का एक टीम अपहृता बच्चों के पता तलाश हेतु रवाना किया गया जो, ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 3 बच्चों को महज 6 घंटे के भीतर बरामद किया गया, जो अपने घर से राजनांदगांव घूमने के लिए अपनी मर्जी से बिना किसी को बताए घर से चला जाना बताए। बच्चों के परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को आभार व्यक्त करते बहुत प्रसन्न हुए।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### अतिवृष्टि से घर क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग

**डोंगरगढ़।** अतिवृष्टि के कारण कन्हारगांव के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रीतम पिता रतनू जाति गोड़ का घर भी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। तहसीलदार एवं पटवारी से प्रभावितों घरों का सर्वे कर मुआवजा दिलाने की मांग ग्रामीणों ने की है। कन्हारगाव में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए अस्थाई कैंप, आवास और भोजन की आवश्यकता है। प्रभावितों के लिए प्रशासन की ओर से अब तक भोजन की व्यवस्था नहीं की गई है।

### कार्ययोजना बनाने के निर्देश



**सोमनी।** जिला भाजपा के निर्देशानुसार ठाकुरटोला शक्ति केंद्र में आने वाले ग्राम के बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं सरपंचों की फरहद में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में भाजपा ग्रामीण मंडल पूर्व के महामंत्री रमन राजपूत, सह कोषाध्यक्ष रामकिसुन साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी चंदन कश्यप, जनपद सदस्य उत्तरी तमस्कर, संयोजक सदाराम तमस्कर, बूथ अध्यक्ष अविनाश साहू, दुर्गेश साहू, अनिल यादव, हेमंत साहू, हिरेंद्र साहू, ऐश्वर्या साहू, निर्मला साहू सहित अन्य शामिल हुए। बैठक में महामंत्री रमन राजपूत ने कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी कार्य योजना के संबंध में जानकारी जिला भाजपा ने मांगा है। सरपंचों को गांव से पांच कार्य जो आगामी समय में कराया जाना है कि सूची उपलब्ध कराने कहा गया। कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्य में हिस्सा लेने कहा गया।

### महिला समूह ने लगाए 400 पौधे



**राजनांदगांव।** जिले की हरियाली बाहिनी नए-नए प्रयोग कर अभियान को सफल बनाया है। इस अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि हम अक्सर देखते हैं कि लोगों का झुकाव नए कार्य की तरफ होता है। इसी को ध्यान में रखते हरियाली बाहिनी अभियान के तहत हरियाली लाने, आमदनी बढ़ाने, जल प्रदूषण रोकने, प्राकृतिक संसाधन का सदुपयोग इत्यादि कार्य किए गए है। श्री देवांगन ने बताया कि इसी कड़ी को आगे बढ़ाते रविवार को डोंगरगढ़ और राजनांदगांव ब्लॉक में करंज का पौधा रोड किनारे लगाया गया। इसकी तैयारी में महिला समूह की दीदियां सुबह से लगी रही। लगभग 400 पौधे लगाए गए है। सरपंच चंद्रिका मंडावी, विनोद साहू, सोनिया वर्मा, निर्मला वर्मा, किरण, लिलेश्वरी सहित महिला पंच, महिला समूह, बिहान कैडर की अहम भूमिका रही। अब तक 2500 करंज के पौधे लगाया गया है।

### निधन

#### बादल गोस्वामी

**खुज्जी।** ग्राम के युवा व्यवसायी बादल गोस्वामी का निधन 30 जुलाई को हो गया। उनकी मां गोदावरी गोस्वामी शिक्षिका है।



बादल गोस्वामी अपने पीछे पत्नी, बेटी और बेटा छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। शोकसभा कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# मोर गांव-मोर पानी अभियान से वनांचल की धरती हो रही रिचार्ज

## बढ़ रहा जल स्तर और लोगों को मिल रहा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विकासखंड अंबागढ चौकी के विभिन्न ग्राम में जल संचयन एवं वाटर रिचार्ज के लिए मनरेगा अंतर्गत स्ट्रेगर्ड ट्रेंच का निर्माण किया गया है। पहाड़ी जल को बहाव से रोकने के लिए जल संचयन का यह नायब तरीका है।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर तुलिका प्रजापति, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर, जनपद सीईओ प्रियंवदा रामटेके के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 में ग्राम साल्हे कुसुमकसा, झिटिया, चोरपानी, गोपलीनचुवा एवं सांगली में 2250 स्ट्रेगर्ड ट्रेंच का निर्माण कराया गया है। इस कार्य से आसपास की जमीन में नमी बढ़ रही है, जिससे प्राकृतिक रूप से उगने वाले पौधों को जीवित रहने में मदद मिल रही है। घाटी के नीचे किसानों को इस कार्य के होने से प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। इस कार्य में कुल 14.60 लाख व्यय हुए हैं।

### जल संरक्षण के साथ रोजगार

इस परियोजना के तहत स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है, वहीं गांव के जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ठोस पहल हो रही है। मोर गांव मोर पानी अभियान न केवल जल आत्मनिर्भरता का लक्ष्य लेकर चल रहा है।



### किसानों की फसल सुरक्षित

ग्रामवासियों ने बताया कि पहले घाटी से तेज गति से पानी बहते हुए अपने साथ झाड़ी, कचरा लाकर खेत में लगी फसल को खराब कर देता था। तेज बहाव के कारण खेतों के मेड़ कट जाती थी। वर्तमान में यह समस्या नहीं है। इस कार्य से लोगो को मजदूरी भी प्राप्त हुई है एवं जल स्तर में वृद्धि हुई है। स्ट्रेगर्ड ट्रेंच एक प्रभावषाली जल संरक्षण तकनीक हैं, जिसमें ढलान वाली जमीन पर समान ऊंचाई पर खाईयां बनाकर बारिश का पानी को रोका जाता है। यह खाइंया वर्षा जल को संचित कर उसे जमीन में समाहित करती हैं, जिससे भूजल स्तर बढ़ता है। भूमि कटाव रूकता है और नमी बनी रहती है। स्ट्रेगर्ड टेंच का निर्माण जिगजैग तरीके से किया जाता है, जिससे पानी का प्रवाह संतुलित होता है।

## नदी के ऊपर पानी बहने के कारण गांव में नहीं पहुंच पाई एम्बुलेंस

# गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए ट्रैक्टर से पहुंचाया अस्पताल

## ग्रामीणों ने मार्ग दुरूस्त कराने की लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहारा

गांव की एक महिला पविता वर्मा को 24 जुलाई को प्रसव पीड़ा उठने पर डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल जाने के लिए गांव की मितानिन शकुन वर्मा द्वारा एम्बुलेंस बुलाने पर नदी के ऊपर से अधिक पानी बहने के कारण एम्बुलेंस नहीं पहुंचने पर प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला के पति द्वारा डिलीवरी के लिए अपने ट्रैक्टर में बैठाकर बिना देर किए नदी के ऊपर से पार करवाया गया।

जिसके बाद एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इसके बाद उस महिला ने स्वास्थ्य बच्चे को जन्म दिया। महिला की डिलीवरी के बाद भी ट्रैक्टर से ही वापस नदी पार करवाया गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा। ग्राम कोलिहापुरी के ग्रामीण नदियों में अधिक पानी आ जाने पर गांव के लोग गांव से कहीं बाहर नहीं जा सकते। कातलवाही से कोलिहापुरी मार्ग में नदी है। जिसमें अधिक पानी भर जाने से नदी के ऊपर से पानी का इतना अधिक तेज बहाव होने से इस पर से जाना दुर्घटना से कम नहीं है। इस मार्ग से होकर स्कूल के विद्यार्थियों सहित गांव के लोगों का आवागमन का प्रमुख मार्ग है। जिसमें से होकर गुजरते हैं। दूसरा मार्ग गाड़ाभंवर होते हुए मोहरा पहुंचता है, पर इस मार्ग में भी एक नाला है। जिसमें भी इतना अधिक पानी का भराव होता है, इस पर से भी जाना किसी दुर्घटना से कम नहीं माना जा सकता है।



### पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग

गांव वालों ने बताया कि कातलवाही से कोलिहापुरी मार्ग में जो नदी पड़ती है, उस नदी के ऊपर जो पुल बना है अगर उसकी ऊंचाई बढ़ा दी जाए तो आसानी से उस मार्ग के ऊपर से आना-जाना आसान हो सकता है। जिसके लिए गांव के ग्रामीणों द्वारा विभाग के अधिकारियों सहित क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू को भी अवगत करवाकर इस ओर ध्यान आकर्षित करवाने की बात कही जा रही है, पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। जिसके कारण गांव के लोगों में आक्रोश है। गांव के लोगों ने शासन से गुहार लगाई है कि उनके आवागमन मार्ग को दुरुस्त कर बनवाए। जिससे आने-जाने में आसानी हो ओर दुर्घटना से नदियां पार होते वक्त दुर्घटना होने से बचा जा सके।

### बारिश में आवागमन हो जाता है बंद

अधिक बारिश हो जाने से इस गांव में पहुंचने वाले मार्ग में आने वाले नदी-नाले इतने उफान पर होते हैं कि इसे पार करना किसी दुर्घटना से कम नहीं मापा जा सकता है। कई बार तो गांव के ग्रामीण इन्हें पार करते वक्त दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। लगातार अधिक बारिश होने से नदी-नाले के ऊपर से अधिक पानी के बहाव की वजह से गांव के लोग गांव के बाहर नहीं निकल पाते हैं। गांव वालों ने विभाग के अधिकारी सहित विधायक से फरियाद लगाई, पर कोई सुनने वाला नहीं। लगातार बारिश अधिक हो जाने से आवागमन को लेकर गांव वालों की मुश्किलें इतनी अधिक बढ़ जाती है कि उनका आना-जाना बंद हो जाता है। यह गांव डोंगरगांव विधानसभा के अंतर्गत आता है।

# अन्नपूर्णा मुहिम से गरीब परिवार को मिला सहारा




- संत रामपाल के अनुयायियों की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाल बहादुर नगर

ग्राम पंचायत भोथली के राजमिस्त्री नरेश डोंगरे के परिवार को संत रामपाल महाराज द्वारा शुरू की गई अन्नपूर्णा मुहिम से बड़ी राहत मिली है। नरेश राजमिस्त्री का कार्य करते हुए परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अचानक लकवे का शिकार हो गया।

लेफ्ट ब्रेन में ब्लड क्लॉट के कारण शरीर का दाहिना हिस्से ने काम करना बंद कर दिया है। आर्थिक तंगी के कारण नरेश का इलाज भी बंद करना पड़ा। पति के असक्त होने के बाद नीतू डोंगरे मजदूरी कर बच्चों और बीमार पति का भरण पोषण कर रही हैं। इस कठिन परिस्थिति में संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम इस परिवार के लिए राहत बनकर आई। संत के अनुयायियों ने न केवल मुफ्त खाद्य सामग्री, बल्कि बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी, किताबें, पेन, नई ड्रेस, जूते और नियमित पहनने के कपड़े दिए। नियमित सहायता के लिए उन्हें विशेष संपर्क कार्ड भी दिया गया है, जिससे उन्हे राशन सामग्री समाप्त होने पुनः उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हे यह सहायता तब तक मिलते रहेगी जब तक परिवार आर्थिक रूप से स्थिर नहीं हो जाता।

### मदद का आश्वासन

संतश्री के अनुयायियों ने घर में खिड़की की फिटिंग, रसोई गैस की व्यवस्था और अन्य जरूरतों को भी पूरा करने का वचन दिया है। सरपंच और उपसरपंच ने इस सेवा कार्य की सराहना किया है। उन्होंने कहा कि समाज को संत रामपाल जैसे संतों की आवश्यकता है। ऐसे ही सेवा कार्य होते रहे तो कोई भी भूखा नहीं सोएगा।

# प्रशासनिक उपेक्षा से विधायक नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी और उपेक्षा पूर्ण बर्ताव से जनप्रतिनिधि खासे नाराज है। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने भी प्रशासनिक व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराया है। उनका कहना है कि अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे है। जनप्रतिनिधियों की सुना नहीं जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बाहर के ठेकेदार जो सरकार के नुमाइंदे है उनके मनचाहे काम की स्वीकृति दिया जाता है जिससे भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। बाहर से आए ठेकेदार गुणवत्ताहीन कार्य कर भाग जाते है। डीएमएफ, एलडब्लूई मद से जरूरी कार्यों को छोड़ केवल पुलिया, सीसी रोड का कार्य स्वीकृति किया जाता है। पुलिया की जरूरत नहीं होने पर ठेकेदार निर्माण कर मोटी रकम कमा रहे है। उन्होंने बताया कि जिले में 55 स्कूल भवन अतिजर्जर स्थिति में हैं जिन्हे नहीं बनाया जा रहा हैं जबकि इन स्कूलों के लिए अनुशंसा सहित प्रस्ताव भेल चुके हैं।

### औचित्यहीन काम

विधायक ने बताया कि मानपुर में तालाब सौंदर्यकरण के लिए 50 लाख दिया गया है जबकि इसका कोई औचित्य नहीं है। इस राशि से तीन शाला भवन बन सकते थे। उन्होंने बताया कि बाहर के ठेकेदार नेताओं के नाम से सरपंचों पर दबाव बनाकर प्रस्ताव मांगते है, और गुणवत्ताहीन कार्य कर भाग जाते है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी और ठेकदार मिलकर सुनियोजित तरीके से डीएमएफ एवं एलडब्लूई राशि का बंदरबांट कर रहे है।

### बार-बार बैठक का समय बदला

विधायक ने आरोप लगाया है कि दिशा समिति, शासी परिषद की बैठक की सूचना एक दिन पूर्व शाम को दिया जाता है जिसमें फोल्डर शामिल नहीं होता है। गत दिशा समिति एवं शासी परिषद की बैठक को बार-बार बदलते हुए ऐसे समय में नियत किया गया जब विधानसभा का सत्र चल रहा था।

# 38 हितग्राहियों को दिया भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर पंचायत के 38 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 अंतर्गत भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास एवं प्रधानमंत्री आवास प्रेरक जीवनलाल वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए अलग-अलग किस्तों में 2.50 लाख दिया जाएगा। बताया गया कि 18 माह की अवधि में त निर्माण पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के तहत 32850 रुपए दिया जाएगा। सभी हितग्राहियों को समय सीमा के अंदर निर्माण करने निर्देशित किया गया है।पात्र हितग्राहियों को आवास का भूमिपूजन करने पर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा, दिलीप पटेल, जयकुमार वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, बलराम वर्मा, बाबूलाल वर्मा, जितेन्द्र दुबे, लक्की साहू, फागूराम यादव, गिरवर, भूषण निर्मलकर आदि उपस्थित थे।



### तुलसीदास जयंती समारोह आज

**डोंगरगढ़।** श्री मां बम्लेष्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा 31 जुलाई को संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे संत गोस्वामी तुलसी दास की विधिविधान से पूजन किया जाएगा। तत्पश्चत 10 बजे से शाम तक भजन मंडलियों द्वारा रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन किया जाएगा। ट्रस्ट समिति ने सभी से उपस्थिति होने की अपील की है।

### शिशुमंदिर में न्योता भोज का आयोजन



**रामाटोला।** सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में एचडी वर्मा ने अपनी बेटी काव्यांजलि वर्मा के एनसीईटी में चयनित होने पर न्यौता भोज का आयोजन किया। शिशु मंदिर के सभी भैया बहनों को इस मौके पर खीर, पुडी, आलू चना सब्जी, केला, जलेबी खिलाया गया।

## कारगिल विजय दिवस पर कॉलेज परिसर में किया पौधारोपण

# साइंस कॉलेज में जिला स्तरीय व्यास पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 28 जुलाई को जिला स्तरीय व्यास पूजा, कारगिल विजय दिवस, पौधरोपण प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल शामिल रहे।

कार्यक्रम को प्रारंभ करते रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि छग रासेयो व भारतीय शिक्षण संघ के तत्वावधान में आयोजित व्यास पूर्णिमा आषाढ़ मास के पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था।

उन्होंने वेदों का संकलन व महाभारत जैसे ग्रंथों की रचना की। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि इस दिन शैक्षणिक व अध्यात्मिक गुरूओं का सम्मान किया जाता है। शिष्य अपने गुरूओं का आशीर्वाद लेने व उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने एकत्र होते है। जिला संगठक रासेयो मोनिका दास ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन, पवित्र व गौरवमयी रही है। मुख्य अतिथि डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा प्रणाली आधुनिक तकनीक के कारण गुरू शिष्य परंपरा का मूल स्वरूप बदल गया है। आज डिजिटल माध्यम से शिक्षा मिल रही है। हमें नैतिक मूल्यों को पुनः स्थापित करना होगा।

इस अवसर पर घुमका, मुसरा, बसंतपुर हायर सेकंडरी स्कूल विद्यार्थी व शिक्षक, शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, कमला कॉलेज, दिग्विजय कॉलेज के स्वयं सेवक व एनएसएस अधिकरी उपस्थित हुए। थानेवश्वरी देशमुख, पुण्यप्रदा सिंह व कमला कॉलेज की छात्रा ने देशभक्ति गीत गाए। रासेयो स्वयं सेवकों को बी. प्रमाण पत्र वितरित किया गया व एक पेड़ मां के नाम तहत 35 छायादार पौधों का रोपण किया गया।




### सेना के शौर्य को सराहा

कारगिल विजय दिवस पर डॉ. बघेल ने कहा कि भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है, जब भारतीय सेना ने अपने साहस, रणनीतिक कौशल व असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते विजय पताका लहरायी थी। डॉ. उमरे ने कहा कि पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य सफलता ही नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिशाल बन गई। छात्र युगल साहू ने कहा कि यह दिन न केवल हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य और साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है।



## खबर संक्षेप

### फसल बीमा की आज अंतिम तिथि

**सड़क अतरिया।** खरीफ फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। जानकारी अनुसार क्षेत्र की लगभग सभी सोसायटी में 80 फीसदी से अधिक किसानों ने फसल का बीमा करा लिया है। बीमा कार्य शुरू होते ही सोसायटी ने किसानों को मुनादी कराकर जानकारी दिया था। कृषकों ने धान, सोयाबीन, अरहर, मुंग, उड़द, टमाटर आदि फसल का बीमा कराया हैं। विभाग ने अब तक जिन कृषकों ने फसल बीमा नहीं कराया है, से कल तक बीमा कराने की अपील किया है।

### टीन शेड बन सकता है जानलेवा, नहीं हटाया गया



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर के वार्ड 5 स्थिति शासकीय पुत्री शाला का टीन शेड डेढ़ माह से उजाड़ स्थिति में है।टीन शेड एंगल के साथ उखड़ कर टावर के रूप में दिख रहा है। ज्यादा हवा चलने पर वह उखड़ कर लोगों की जान के लिए खतरा बन सकता है। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने 23 जुलाई को दुर्घटना को न्योता देता टीन शेड शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के 8 दिन के बाद भी उक्त टीन शेड को नही हटवाया गया है। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि इंजिनियर मौके पर गया था। पुराने भवन को डिसमेंटल करने का आवेदन मिला है जिसे परिषद में रखा जाएगा। स्कूल प्रबंधन को भी चाहिए कि इस ओर ध्यान दे।

### प्रेस क्लब के सदस्य मिले कलेक्टर से



**छुईखदान।** प्रेस क्लब छुईखदान के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान नगर एवं आसपास की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया।प्रेस क्लब छुईखदान के अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान, संरक्षक नीलम वैष्णव, अनिल यादव, संजय शर्मा, सचिव दीपक देशमुख, कोषाध्यक्ष संदीप महोबिया, सह सचिव दीनदयाल यदु, महेंद्रसिंह ठाकुर, देवेश सोनी सहित अन्य सदस्य कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। प्रतिनिधि मंडल ने दनिया-छुईखदान सड़क को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की, जिससे आम जनता को आवागमन में राहत मिल सके। नवनिर्मित ब्लड बैंक भवन को शुरू करने सहित अन्यमांगों को अवगत कराया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया।

### चोर ले गया सोने की माला

**गंडई पंडरिया।** ग्राम छिराहीडीह की एक महिला के घर में घुसकर अज्ञात चोर ने सोने की पत्ती लगी माला चोरी कर ले गए। पीड़िता राम्हीन बाई पटेल ने अपने पड़ोसी पर चोरी का संदेह जताया है। राम्हीन बाई पटेल ने बताया कि वह और उसका पति मनराखन पटेल रात करीब 8 बजे खाना खाकर सोए थे। हाल की लाइट जल रही थी। रात करीब 11 बजे अज्ञात चोर उनके पुराने घर से लकड़ी का राचर हटाकर अंदर घुसा। चोर राम्हीन बाई की खाट के पास आया और गले में पहनी हुई 25 हजार की कीमत वाली सोने की पत्ती वाली माला चुरा कर ले गया। जब राम्हीन बाई की नींद खुली, तो देखा कि एक लड़का जिसकी उम्र लगभग 20-25 साल थी औम्वह लाल टी-शर्ट और काले रंग का फुल पैंट पहना था, चोरी कर रहा था। राम्हीनबाई पटेल ने मामले की शिकायत दर्ज करा दी है।

---

### आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे छात्र

# तहसीलदारों की हड़ताल से क्षेत्र के आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

तहसीलदार- नायब तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छात्रों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटकना पड़ रहा है। हड़ताल से सरकारी योजनाओं के आवेदन, छात्रवृत्ति फॉर्म, स्कूल-कॉलेज में प्रवेश और अन्य प्रशासनिक कामकाज ठप हो गए हैं। रोज सैकड़ों लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

साप्ताहिक बाजार होने के कारण सल्हेवारा में आसपास के लगभग 40 से 50 ग्रामों से लोग खरीदी करने मंगलवार को साल्हेवारा आते है। इसी दिन तहसील से जुड़े कार्य भी हो जाते हैं। किन्तु जब ग्रामीण साल्हेवारा पहुंचे तो उन्हे निराशा हाथ लगी जब पता चला कि तहसीलदार हड़ताल पर हैं। ग्रामीण निराश होकर वापस चले गए। जानकारी के अनुसारकक्षा छठवीं से बारहवीं तक छात्रों का आय और जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से दाखिला नहीं हो पा रहा है। छात्रों का कहना है कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उनका साल खराब हो सकता है।

### प्रशासनिक कामकाज ठप



#### व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव

दुकानदारों का कहना है कि जब से तहसीलदारों की हड़ताल शुरू हुई है तब से उनका व्यवसाय भी टूट गया है। तहसील कार्यालय के सामने चाय, नाश्ता, फोटोकॉपी, भोजनालय की दुकान चलाने वालों ने बताया कि तहसील कार्यालय खुला रहता है तो उनका व्यवसाय ठीक चलता है। कार्यालय बंद रहने या अधिकारी के नहीं आने व्यवसाय प्रभावित हो जाता है।

#### कब होगा समाधान?

हड़ताल को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कोई बयान नहीं आया है। हितग्राही उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था हो ताकि राहत मिल सके। इस संबंध सही जवाब नहीं मिलने ये आमजन परेशान हैं।

---

# छुईखदान जनपद में 6 साल से बिना बजट राशि खर्च

### सदस्यों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनपद पंचायत छुईखदान में लगातार हो रही वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ जनपद सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 5 बिंदुओं को उठाते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। जनपद अध्यक्ष पुष्पा जंघेल, काशीराम पोर्त, कौशल ठाकरे, सुमरित जंघेल, होमेश्वरी वैष्णव, सरिता पटेल, राजिम चंदेल, संगीता जंघेल, मन्नू मरकाम, दलिया बाई नेताम, प्रेमलाल साहू, ज्योति जंघेल, मंगलबती बाई धुर्वे, नीना ताम्रकार, सुधीर गोलछा सहित अन्य सदस्यों यह आरोप लगाया है कि जनपद कार्यालय में बिना किसी वैध अनुमोदन के भुगतान किया गया है।

#### राशि वसूल करने की मांग

उन्होने संबंधित भुगतानकर्ता अधिकारी से वसूली कर राशि जनपद खाते में वापस जमा करने की मांग की है। शिकायत पत्र के दूसरे बिंदु में एडी सीईओ गोपाल गिरी के हवाले से बताया गया कि छुईखदान जनपद में बीते पांच छै सालों से कोई बजट पारित ही नहीं किया गया है। बिना बजट और सामान्य प्रशासन समिति की अनुमति के करोड़ों रुपया खर्च कर दिया गया जो पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। इसके लिए जांच टीम गठित कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। 2025-26 के बजट को लेकर कहा कि अब तक उसे तैयार नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों के वेतन और कार्यालय व्यय को अनुमोदन नहीं मिल पा रहा। सदस्यों ने पंचायत संचालनालय रायपुर से एक वित्तीय टीम बुलाकर तत्काल बजट प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की।

#### गंभीर अनियमितता का आरोप

शिकायत पत्र के चौथे बिंदु में उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले की जांच अभी तक अधूरी है। इसे जल्द पूरा कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग साथ उन्होने बताया कि यह मामला विधानसभा में उठा था उसके बाद भी कोई कारवाई नही हुई। पांचवे बिंदु मे उनका कहना है कि जनपद मे अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर जिला पंचायत को कई दफे पत्र लिखा गया लेकिन ठोस जानकारी नहीं दी जा रही है। जिला सीईओ पर उन्होंने आरोप लगाया गया कि वे गोलमोल जवाब देकर गंभीर वित्तीय मामलों को जानबूझकर लंबित कर रहे हैं। जनपद अध्यक्ष सहित सभी ने सभी बिंदुओं की सूक्ष्म जांच और आर्थिक अनियमितता में संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों पर अपराध दर्ज करने की मांग की है और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कारवाई जल्द नही होने की स्थिति मे वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे।

---

# कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज में व्याप्त असुविधाओं को लेकर एनएसयूआई ने धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सुमीत जैन, कालेज अध्यक्ष वासु सिंह सहित अन्य समस्याओं को लेकर कालेज प्रशासन से मिलने की जिद पर अड़े रहे लेकिन मेन गेट बंद करने और पुलिस बल तैनात करने से नाराज होकर सभी गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

कॉलेज प्रशासन की ओर से किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के नही आने पर उग्र एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट का रूख किया लेकिन आधे रास्ते में एसपी ऑफिस के पास पुलिस प्रशासन ने दुबारा उन्हे रोक दिया जिसके बाद एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर हर संकाय में बढ़ती हुई फीस को कम करने, लाइब्रेरी में नए पुस्तकों की व्यवस्था करवाने, समय समय पर वॉटर कूलर और शौचालयों की साफ सफाई, सेनेटरी पैड मशीन को चालू कराने, जर्जर छत और दीवारों की मरम्मत कराने की मांग की। इस दौरान सचिन साहू, नियति सिंह, प्रीति मेश्राम, प्रियंका, डाली ,रोशनी, निवेदिता, अभिषेक, साहिल, सतीश साहू, प्रमोद वर्मा, राहुल वर्मा, पुष्पेंद्र, तुलेश्वर, किशोर, वेद कुमार, नितेश, प्रदीप, गोकुल, डेविड सहित बड़ी संख्या मे एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### मांग पूरी नहीं होने पर होगा आंदोलन

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल को दो दिनो के भीतर कालेज प्रशासन के साथ बैठक कराकर सारी समस्याओ के निदान का आश्वासन दिया। कलेक्टर के आश्वासन बाद लौटे एनएसयूआई ने समस्या निदान के लिए सात दिवस का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मांग पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन होगा जिसकी पूरी जवाबदारी कॉलेज प्रशासन की होगी।

---

# संगठन की मजबूती के लिए ली बैठक

- आप के प्रदेश संगठन मंत्री पहुंचे शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




आम आदमी पार्टी के विस्तार और मजबूती को लेकर प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता व कार्यकर्ताओं के स्वागत बाद प्रदेश मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने जिले के संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिया साथ ही संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगा।

जिले में ब्लॉक और सर्कल स्तर से लेकर ग्राम पंचायत व बूथ स्तर पर कैसे संगठन मजबूत किया जाए उस बारे में चर्चा बाद रणनीति बनाई गई कि किस तरह संगठन को मजबूत किया जाए ताकि आने वाले समय में हर स्तर पर आम आदमी पार्टी कड़ी टक्कर दे सके।

इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, सर्वजीत सिंह भाटिया, लोमेश्वर रामटेके, अशोक चौबे, कमलेश्वर स्वर्णकार सहित जिला महासचिव श्याममूर्ति नायडू, जितेंद्र सोनी, देवगन जंघेल, संतोष यादव, धनवंती मिश्रा, अजय सिंह, राजेश मारकंडे, जितेंद्र राव, ओमप्रकाश साहू, अज्जू बंजारे, विक्की कुंजम, उमाशंकर महेश्वरी, टोमन जोशी, विकास सोनवानी, दुलेश चंदन, मनहरण वर्मा, तीजेराम वर्मा, चेतन सोनी, हेमंत सोनी, गंगाराम पटेल, अश्वनी नेताम, पोषण यादव, शिवेंद्र नामदेव, प्रवीण यादव, नीलेश सोनी, एसआर रावटे, हमीर यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

#### कमी को ठीक करने कवायद जारी

दिल्ली में तीन बार सरकार बनाने के बाद हार की बात पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में थोड़ी एंटीइनकंबेंसी हो सकती है, लेकिन अब जनता को पता चल रहा है कि आम आदमी पार्टी ने क्या सुविधाएं दी थी और अब उन्हें पछतावा हो रहा है। दिल्ली में तो पार्टी मजबूत स्थिति में है लेकिन कहीं ना कहीं प्रदेश में आज भी जमीनी स्तर पर कमजोर है। इस कमी को ठीक करने की कवायद जारी है और बहुत जल्द प्रदेश में भी पार्टी मजबूत स्थिति में होगी।

---

# मंडीपखोल में पर्यटन को बढ़ावा देने बनी योजना

**सड़क अतरिया।** जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में शामिल नर्मदा कुंड में अब विकास कार्यों को गति मिलेगी। विगत दिवस कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला पर्यटन समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जिला के ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं प्राचीन धरोहर को सहेजने की विस्तृत योजना बनी है। जिसमें नर्मदा मंदिर, मंडीप खोल में विकास कार्यों की कार्य योजना तैयार किया है। नर्मदा मंदिर एवं कुंड का इतिहास 11 वी शताब्दी का बताया जाता है। कुंड का धार्मिकता पौराणिक कथा से जुड़ा है। यहां माघ पूर्णिमा पर बीते डेढ़ दशक से तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। वही मंड़ीप खोल अपनी प्राचीन परंपरा अनुसार वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया के बाद प्रथम सोमवार को खुलने वाली प्राचीन गुफा है। यहां हजारों पर्यटक अपनी आस्था प्रकट करने तथा इतिहास को जानने पहुंचते हैं।

जानकारी अनुसार इन स्थलों के विकास के लिए वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए विस्तृत रूपरेखा तैयार किया गया है। सुगम पहुंच मार्ग, साइन बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था, ठहरने की सुविधा, सेल्फी प्वाइंट, पर्यावरण अनुकूल निर्माण और धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं को शामिल करते हुए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थलों के आसपास भूमि आरक्षित कर लैंड बैंक तैयार करने की योजना बनाया गया है।



#### चोरडाधाम में पर्यटन की संभावना

वनांचल के ग्राम पंचायत जीराटोला व जंगलपुर पंचायत में स्थित चोरड़ाधाम में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यह मंदिर प्राकृतिक संरचना से घिरा हुआ है। धरातल से पचास फीट नीचे महादेव का मंदिर, प्राचीन समय से चट्टानों के मध्य से निकलती अनवरत जलधारा शैलानीयों को हमेशा आकर्षित किया। सावन भर जहां श्रद्धालुओ का रेला लगा रहता है। वही महाशिवरात्रि में शिव भक्तों की आस्था टूट पड़ती है। मंदिर समिति पर्यटन दृष्टि से यहां विकास कार्यों की मांग कर रहें हैं।

---

# कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारी जोर शोर पर

**सड़क अतरिया।** हिन्दू जनजागरण सेवा समिति द्वारा अगामी रविवार को नर्मदा से घंटियारी स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाला जाएगा। कावड़ यात्रा को लेकर गांव गांव में जोर शोर से तैयारी चल रही है। शिव भक्त यात्रा में शामिल होने कांवर, एवं कांवर की साज सज्जा, ध्वजा आदि की तैयारी कर रहे हैं।

बुधवार को समिति के संरक्षक खम्हन ताम्रकार ने पैलीमेटा, अचानकपुर, सिंगारपुर आदि गांव का दौरा कर यात्रा की तैयारी का जायजा लिया। यात्रा रविवार को सुबह नौ बजे नर्मदा कुंड से जल भर कर शुरू होगी। जो 13 किलोमीटर का सफर तय कर प्राचीन शिव मंदिर पहुंच कर शिव लिंग में अभिषेक किया जाएगा। यात्रा में बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल होंगे। जानकारी अनुसार कांवड यात्रा में खैरा नवापारा, चकनार, गुमानपुर, खैरबना, सड़क अतरिया, कुकुरमुडा, मानपुर, जीराटोला, बेलगांव, संड़ी, पंडरिया, जंगलपुर, ओटेबन्द, बुन्देली, दौजरी, ठंडार, लिमो, बेलगांव, पैलीमेटा, सिंगारपुर, भदेरा, मगरकुंड, अचानकपुर, ठाकुरटोला, गर्रा, रैमडवा, सर्राकापा, दूर्लापुर, देवपुरा, हनईबन्द, धोधा, गोकना, विचारपुर मजगांव सहित अन्य गांव के शिव भक्त शामिल होंगे।

---

# कांग्रेस को मजबूत करने पर चर्चा



**सड़क अतरिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत दिवस सड़क अतरिया मंड़ल अंतर्गत संगठन को मजबूत, पुनर्गठन, एवं सेक्टर परिसिमन करने के लिए बैठक आयोजित किया गया। बैठक में ब्लाक प्रभारी राजभान लोधी प्रमुख रूप से शामिल हुए। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर संगठन को मजबूत करने का उपाय सुझाया गया। बैठक में सड़क अतरिया मंड़ल को तीन सेक्टर ग्राम शाखा, भरदा और सड़क अतरिया में बांटा गया। प्रत्येक सेक्टर का प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष की भी नियुक्ति किया गया। बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, प्रदेश कमेटी सदस्य मोतीलाल जंघेल, ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, देवराज किशोर दास वैष्णव, प्रकाश महोबिया, कामदेव जंघेल, संतोष यद्‌, लिखन जंघेल, कोशन कोसरे, गीताराम जंघेल, सगरीराम जंघेल, विष्णु जंघेल, सचिन वर्मा, कैलाश वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, बिशेषर वर्मा, इंदरमन जंघेल, दुर्गेश जंघेल, बाबूलाल पाल, किशुन मिर्चे, योगेश जंघेल, मिलाप जोशी, धर्मेन्द्र श्रीवास, सुरेन्द्र जंघेल, योगेश धुर्वे, देवकुमार जंघेल, बैजू राम जंघेल, अनुसुइया धुर्वे, रामबाई यादव, विष्णुराम जंघेल, ओमप्रकाश जंघेल, युवराज पटेल, रूपेन्द्र वैष्णव, नरोत्तम पाल, नारद साहू, ललित जंघेल, गौकरण पटेल, दौलत पटेल, आत्मा जंघेल, रत्नेश जंघेल, तीजेराम धुर्वे, अमीलाल जंघेल, संतकुमार जंघेल शामिल हुए।

---

### कर्मचारियों और किसानों को परेशानी

# कृषि विभाग का भवन 7 साल में पतन की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कृषि विभाग छुईखदान के भवन को बने महज सात साल हुआ है, लेकिन इसकी हालत किसी जर्जर इमारत जैसी दिखने लगी है। सीढ़ियां टूट चुकी हैंञ। रैंप खस्ताहाल है और बाथरूम की स्थिति इतनी बदतर है कि उपयोग करना मुश्किल हो गया है।

भवन के सामने दलदल है, जिससे आने-जाने वाले कर्मचारियों एवं किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कार्यालय के अंदर की स्थिति भी अस्त-व्यस्त है। कृषि से जुड़ी दवाइयां, बीज और उपकरण इधर-उधर बिखरे पड़े हैं, जिससे न केवल अव्यवस्था फैल रही है बल्कि सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

#### जल्द सुधार की मांग

किसानों और कर्मचारियों की मांग है कि जल्द से जल्द भवन की मरम्मत कर इसे उपयोगी बनाया जाए, ताकि कृषि विभाग से मिलने वाली सेवाएं सही ढंग से आमजन तक पहुंच सकें। इस संबंध में यहां के प्रभारी के बारे में पता चला है कि वह खैरागढ़ में पदस्थ हैं और यहां अतिरिक्त प्रभार है।जिसके कारण वह कभी कभी आते हैं।



#### किसानों में नाराजगी

स्थानीय किसान और आमजन इस स्थिति को लेकर काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि कृषि विभाग में परेशानी अधिक झेलनी पड़ रही है। विभाग का भवन ही अगर ठीक से कार्य नहीं कर पा रहा है तो सेवाओं की क्या उम्मीद की जाए? कार्यालय के अंदर इधर उधर बीज और खाद पड़ा रहता है जिससे भी किसान परेशान है। आम जनों का कहना है कई बार शिकायतों के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब सवाल उठता है कि लाखों की लागत से बने इस भवन की मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी कौन लेगा? ज्ञात हो कि भवन को निर्माण हुए अभी सिर्फ सात साल हुए है । वर्ष 2017- 18 में निर्माण उपरांत उक्त भवन में कार्यालय शिफ्ट हुआ था। स्पष्ट है कि लाखों की लागत से निर्मित भवन देखरेख की अभाव में जर्जर हो रहा है।

---

# सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर में वर्ष 2023-24 में 15 लाख की लागत से पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे सीसी रोड बनाया गया था जिसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। पार्षद दिलीप ओगरे ने जांच की मांग की है। यह सीसी रोड जिला मुख्यालय खैरागढ़ पहुँच मार्ग पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने से साहू बिल्डिंग मटेरियल बस स्टैंड तक बनाया गया है। 15वें वित्त मद से 5 मीटर चौड़ी और 300 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण का ठेका किशन यादव को दिया गया था। ठेकेदार को इस कार्य के लिए 23 दिसंबर 2024 और 19 फरवरी 2024 को 14 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

निर्माण के दौरान ही कार्य में खामियां देखी गई थीं। तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने एक-दो बार इसका विरोध भी किया था, लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई और ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य को महज 5 महीने हुए हैं और इसकी खामियां सामने आने लगी हैं। जानकारों का कहना है कि ठेकेदार को सीसी रोड का ढाल नाली की तरफ देना था, लेकिन उसने ढाल सड़क की ओर दे दिया। जिसके चलते सड़क और इस सीसी रोड के बीच बरसात का पानी जमा हो रहा है, जिससे दोनों सड़कें खराब हो रही हैं। सड़क की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



#### जांच और कार्रवाई होना चाहिए

वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे ने बताया कि उनके पिछले कार्यकाल में यह सड़क बनी थी। पांच महीने में ही सड़क में कमियां दिखने लगी है। उन्होंने निकाय में शिकायत की है, और यदि उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

## सार समाचार

### मोतीपुर में आज निकलेगी महाकाल पालकी यात्रा



**राजनांदगांव।** महाकाल सेना राजनांदगांव द्वारा बाबा श्री महाकाल पालकी यात्रा कल 31 जुलाई को दोपहर 01 बजे से स्थानीय बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पूरे भव्यता के साथ भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली जाएगी। इस सावन पालकी यात्रा में आयोजन समिति के महाकाल भक्तगण पवन डागा, महापौर मधुसूदन यादव, छग टूरीज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहेंगे। महाकाल सेना के रिभय मधुसूदन यादव ने बताया कि बाबा श्री महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में 31 जुलाई दोपहर 01 बजे स्थानीय बजरंगपुर नवागांव स्थित श्याम रेसीडेंसी के समीप शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब, गणेशपारा, शीतलापारा होते हुए ममता नगर, ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी से होते हुए तुलसीपुर संगम चौक में सावन पालकी यात्रा विश्राम लेगी। जिससे इन क्षेत्रों के वार्डवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता में भारी उत्साह एवं हर्ष का माहौल बना हुआ है। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि आज की महाकाल यात्रा नगरवासियों के लिए बाबा महाकाल के आशीर्वाद के साथ-साथ बहुमुखी समागम का संदेश देगी।

### भास्कर और सागर जिला बदर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव निवासी भास्कर खान एवं चिखली वार्ड नंबर 6 राजनांदगांव निवासी सागर वाहने को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने एवं अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला तथा महाराष्ट्र के गोंदिया एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला के राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। आदेश जारी होने के एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने तथा 24 जनवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने कहा गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकालने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राजस्व सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### नगरीय निकाय पेंशनरों को एरियर्स का भुगतान

**राजनांदगांव।** संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय पेंशनरों को सात महीनों के महंगाई राहत का भुगतान लंबी प्रतीक्षा के बाद 25 जुलाई को मिलने पर राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों में हर्ष व्याप्त है। प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के अनुसार शासन द्वारा राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों को 01 मार्च 24 से 46 प्रतिशत एवं 01 अक्टूबर 24 से 50 प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान किया जा रहा हैं, परंतु महीनों से एरियर्स का भुगतान नहीं किया जा रहा था। उस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव एवं संचालक को पत्र लिखने के बावजूद एरियर्स का भुगतान नहीं हुआ। प्रांताध्यक्ष ने 18 जुलाई को संचालक को ई-मेल भेजकर अनुरोध किया कि हिंदुओं के महत्वपूर्ण त्यौहार रक्षाबंधन को मद्देनजर रखते एरियर्स का भुगतान रक्षाबंधन के दो सप्ताह पूर्व किया जाए। प्रांताध्यक्ष द्वारा ई-मेल भेजने पर तत्काल कार्रवाई की गई। जिसके फलस्वरूप एरियर्स की राशि पेंशनरों के खाते में 25 तारीख़ को जमा कर दी गई। प्रांताध्यक्ष डीसी जैन ने संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### एक राखी सैनिक भाइयों के नाम

**राजनांदगांव।** एक राखी सैनिक भाइयों के नाम के तहत जिले के गाइड रेंजर गाइडर बहनों द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर देश की रक्षा के लिए अपने परिजनों से दूर देश की सीमाओं में सेवारत जवानों के सम्मान में हाथों से बने 1375 रक्षा सूत्र राखियां तैयार किया गया है। इन रक्षासूत्र राखियों को जवानों तक पहुंचाने राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित किया गया है। इस कार्य में 32 शालाओं की गाइड रेंजर प्रभारी सहित विकासखंड सचिव स्काउट-गाइड प्रवीण साव, लेखराम वर्मा, टोमन पटेल, नीलकंठ ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

### निःशुल्क चिकित्सा व जन जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव।** संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव डॉ. शिल्पा मिश्रा के




मार्गदर्शन में जिला राजनांदगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष सुकुलदैहान में 29 जुलाई को राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपीसीडीसीएस के तहत निःशुल्क चिकित्सा एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश्वरी ठाकुर, आयुष चिकित्सक पो. ग्रेजुएट डॉ. अनमोल गुप्ता, फॉर्मासिस्ट छाया प्यासी, औषधालय सेवक दीपकचंद निखारे, योग प्रशिक्षक शारदा श्रीरंगे, पीटीएस जीत कुमार खरे आदि उपस्थित रहे। शिविर में 35 रोगी लाभान्वित हुए। जिसमें 31 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई एवं आहार-विहार की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामीणों को गैर संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में तथा योग, प्राणायाम, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई और औषधि का वितरण किया गया।

### नागपंचमी पर श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

**राजनांदगांव।** नागपंचमी अवसर पर ग्राम भांठागांव में भगवान स्वयंभू शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता रहा। सावन



के हर सोमवार को बोल बम कांवरिये शहर के शिवनाथ नदी से जल लाकर भगवान स्वयंभू शिव लिंगेश्वर में चढ़ाते हैं। वहीं भक्तों द्वारा रोजाना ओम नमः शिवाय व महामृत्युंजय जाप, शिव चालीसा आदि का निरंतर जाप से ग्राम भांठागांव का माहौल शिवमय बना हुआ है। लोग भगवान शिव लिंगेश्वर में लिपटे नाग जोड़े व यहां विचरण करने वाले सर्पों का दर्शन कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि भगवान स्वयंभू शिव लिंगेश्वर का चमत्कारी शिवलिंग का दर्शन करने लोग दूर-दूर से आते हैं। वहीं असाध्य रोगियों द्वारा मंदिर के जड़ी-बूटीयुक्त औषधि खाकर ठीक हो जाते हैं। उक्ताशय की जानकारी ग्राम के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

## निधन



### बुद्धूलाल सिन्हा

**राजनांदगांव।** चिखली वार्ड नं. पांच निवासी बुद्धुलाल सिन्हा का आकस्मिक निधन बीते दिवस हो गया। वे लगभग 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में परिजनों एवं शहरवासियों की उपस्थिति में किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र गणेश सिन्हा, तीजूराम सिन्हा, भोलाराम सिन्हा एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे सिन्हा समाज शहर मंडल कोषाध्यक्ष जयदीप सिन्हा के दादाजी थे।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष की मांग पर मिली स्वीकृति

# श्रीराम लला दर्शन के लिए पहली बार नांदगांव से रवाना होगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए पहली बार राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से यात्रा शुरू होगी। शहर के रेलवे स्टेशन से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन से रवाना होंगे। इस यात्रा में जिलेभर से 91 तीर्थयात्री शामिल होंगे, जो अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन करेंगे।

श्रीराम लला दर्शन के लिए 6 अगस्त की सुबह 11.20 बजे यात्रा स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म पर लगेगी। इससे पहले अयोध्या दर्शन के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से यात्रा स्पेशल ट्रेन बनकर रवाना होती थी। वहीं अब इसकी शुरूआत राजनांदगांव जिले से होगी। यात्रा स्पेशल ट्रेन राजनांदगांव से उसलापुर होते हुए कटनी, वाराणसी से अयोध्या पहुंचेगी।



### 91 तीर्थयात्री होंगे रवाना

श्रीराम लला दर्शन के लिए 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के तीर्थयात्री रवाना होंगे। जिनमें राजनांदगांव से 26, डोंगरगांव क्षेत्र से 21, डोंगरगढ़ क्षेत्र से 21, छुरिया क्षेत्र से 21 और लालबहादुर नगर क्षेत्र से दो तीर्थयात्री शामिल हैं।

### पर्यटन मंडल अध्यक्ष की पहल पर सौगात



अयोध्या में श्रीराम लला दर्शन के लिए राजनांदगांव से ट्रेन रवाना किए जाने को लेकर पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पत्र लिखा था, जिस पर राजनांदगांव से ट्रेन रवाना करने के लिए रेलवे ने अपनी स्वीकृति दी। पहली बार राजनांदगांव से तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन बनकर रवाना होने से यह जिले के लिए भी गर्व और ऐतिहासिक होगा।

### नाश्ता-भोजन और ठहरने की सुविधा

6 से 9 अगस्त तक आयोजित तीर्थयात्रा के लिए प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। वहीं रेलवे द्वारा भी प्रबंध किया जा रहा है। यात्रा के दौरान तीर्थयात्री को नाश्ता, भोजन व ठहरने की सुविधा मिलेगी। बताया जा रहा है कि अयोध्या दर्शन के लिए राजनांदगांव से यह दसवीं यात्रा होगी।

## जिला दवा विक्रेता संघ के तत्वावधान में एक विशेष कैम्प का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला दवा विक्रेता संघ के तत्वावधान में 30 जुलाई को एक विशेष कैम्प का आयोजन अवनीश मेडिकल रामाधीन मार्ग पर किया गया। जिसमें हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) लगवाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य वाहन स्वामियों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक रूप से नवीन नंबर प्लेट उपलब्ध कराना था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस सुविधा का लाभ उठाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल जैन के मार्गदर्शन एवं अनिल खंडेलवाल के विशेष सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर संघ के सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने कैम्प की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते संघ के सभी सदस्यों का विशेष धन्यवाद किया। जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका।

साथ ही उन्होंने आरटीओ अधिकारियों का भी आभार प्रकट किया। जिनके तकनीकी मार्गदर्शन और उपस्थिति से कार्यक्रम को गति मिली। जिला दवा विक्रेता संघ भविष्य में भी जनहित से जुड़े इस प्रकार के कार्यों के आयोजन हेतु तत्पर रहेगा।




### एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए शिविर आज

**राजनांदगांव।** चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से व्यापारियों एवं आम जनता के लिए नए सिस्टम की नंबर प्लेट लगाने 31 जुलाई को सिंधु भवन लालबाग में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद एवं महामंत्री अरूण डुलानी ने बताया कि शासन के नए आदेशों के तहत 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। अतिरिक्त शुल्क एवं समय बचाने के लिए सभी व्यापारियों से निवेदन है कि इस महत्वपूर्ण शिविर का अवश्य लाभ लें। परिवहन विभाग द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## बिना पंजीयन खाद्य का कारोबार समरस इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी

**राजनांदगांव।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी सीएल मारकण्डेय द्वारा बिना अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह को अधिरोपित आरोपों के संबंध में अपना उत्तर 12 अगस्त 2025 को प्रस्तुत करने कहा गया है। निर्धारित तिथि में उत्तर प्राप्त नहीं होने पर आरोप स्वीकार माना जाएगा तथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह के समक्ष जांच की गई। जांच के दौरान फर्म में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री विक्रय हेतु संग्रहित किया गया था। जिसमें से पोपो एक्वा (पैक्ड) 250 एमएल के 64 पैकेट कुल 16 लीटर को मिलावट की शंका के आधार पर जांच हेतु नमूना 128 रुपए नगद भुगतान कर रसीद प्राप्त कर क्रय किया गया। पोपो एक्वा (पैक्ड) के नमूना को खाद्य विश्लेषक खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को जांच हेतु भेजे जाने पर मानक घोषित किया गया। विवेचना के दौरान पोपो एक्वा (पैक्ड) ड्रिंकिंग वाटर 250 एमएच (पैक्ड) पर अंकित बीआईएस नंबर आईएस : 14543 : 2016 सीएम/एल 5200109783 पाया गया, जो सुधा मिनरल्स भेंडेन जिला बरगढ़ उड़ीसा के नाम से पंजीकृत है, किन्तु समरस इंडस्ट्रीज के संचालक द्वारा वर्णित बीआईएस नंबर का अनाधिकृत उपयोग एवं पैकेट के ऊपर बैंच नंबर मैन्यूफैक्चरिंग डेट इत्यादि का उल्लेख नहीं पाए जाने के कारण पोपो एक्वा 250 एमएल (पैक्ड) मिथ्या छाप स्तर का पाया गया। तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह द्वारा बिना अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार करना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन करना पाया गया है, जो दंडनीय है।

## प्रस्तावों का शत-प्रतिशत अमल करेगी कांग्रेस : खंडेलवाल

### सांगठनिक चुनाव की बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस सांगठनिक चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में मंडल, सेक्टर और जोन स्तर पर चुनाव संपन्न कराने के लिए डोंगरगढ़ ग्रामीण कांग्रेस के प्रभारी रमेश खंडेलवाल ने मंगलवार को सांगठनिक चुनाव को लेकर लंबी बैठक की।

डोंगरगढ़ के साहू समाज के भवन में आयोजित बैठक में श्री खंडेलवाल ने मनोनयन के बजाय चुनाव कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उदयपुर संकल्प शिविर के प्रस्तावों को शत-प्रतिशत अमल में लाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हर स्तर पर मजबूत करना है। इसके लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। मंडल एवं सेक्टर कमेटी गठन में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और महिला वर्ग को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व देने की भी उन्होंने जानकारी दी। 50 प्रतिशत पर व 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवाओं को संगठन में मौका देने का भी उन्होंने जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि एक व्यक्ति एक पद को पूरी निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा।

बैठक में इससे पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने भी कहा कि संगठन को मजबूत करने का हर कार्यकर्ता का दायित्व है, ताकि मनुवादी सोच और भाजपा के खिलाफ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के साथ संगठन में महत्व दिया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि कांग्रेस को सांगठनिक स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए चुनाव होंगे। जिसमें सभी को महत्व मिलेगा। बैठक में ढ़ारा, बेलगांव, मुढ़िया, अछोली और आसपास के बूथ और सेक्टर के प्रभारी बैठक में शामिल हुए।


## पृष्ठ 11 का शेष

### झांकी में डीजे...

जिसको लेकर अब बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गणेश उत्सव पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न किए जाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अपर कलेक्टर सी एल मारकंडे, एसडीएम खेमलाल वर्मा के साथ ही थाना प्रभारियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में डीजे संचालकों व सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीजे संचालक संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा साउंड सिस्टम को लेकर चर्चा की गई।

### नाबालिक बालिका हैदराबाद...

पूछताछ में नाबालिक लड़की द्वारा बताया गया कि आरोपी उसे अपने साथ पहले डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी मंदिर मे ले जाकर मांग में सिंदूर डालकर एवं मंगलसूत्र पहनाकर विवाह किया। उसे हैदराबाद ले जाकर पत्नी बनाकर रखा था, जो प्रकरण में नाबालिक लड़की का लैगिंक शोषण किया जाना पाए जाने पर प्रकरण में धारा 64(ड), 87 बीएनएस 4, 6 पोक्सो एक्ट जोडी गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सहायक उपनिरीक्षक गोकुल सोनकर, आरक्षक वेदप्रकाश रत्नाकर, महिला आरक्षक सुषमा मराठे की सराहनीय योगदान रही।



## खबर संक्षेप

### नवापारा में भोजन प्रसाद वितरण किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम नवापारा में पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिव मंदिर प्रांगण में खीर-पुरी, रसगुल्ला का भोजन प्रसाद भंडारा आयोजन किया गया। ग्रामीण ने बताया कि सूरज चंद्राकर ने अपने बहन स्वं दुरौरिना चंद्राकर के स्मृति में मंदिर निर्माण कराया गया। साथ ही साथ तृतीय सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस भोजन भण्डारा में श्रद्धालुओं व नन्हे-मुन्ने बच्चे सहित ग्रामवासी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कुशल चंद्राकर, कैलाश चंद्राकर, सुखचैन, संजय चंद्राकर, बडाक, मुकेश चंद्राकर, जनक चंद्राकर, हजारी चंद्राकर, दिलीप, देवना चंद्राकर, होरी लाल, रमेशुर चंद्राकर, पुरषोत्तम चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, आयुष चंद्राकर, रुद्रा, ईश्वर, आर्यन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य जोरों पर



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजन अंतर्गत विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। बताया जाता है कि ग्राम सारंगपुर खुर्द में लगभग 97.47 लाख रूपए की लागत से भव्य पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं ग्राम सारंगपुर खुर्द में घरों घर नल कनेक्शन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत ही जल्द जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामवासियों को घरों घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

### नेशनल स्पेस डे पर कवर्धा में स्पेस ऑन व्हील्स प्रदर्शनी, इसरो वैज्ञानिकों से विद्यार्थियों को मिला संवाद का अवसर

# विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना समय की मांग है: विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों को आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों से जोड़ने के उद्देश्य से नेशनल स्पेस डे-2025 के अवसर पर बुधवार को शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा में एक विशेष विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और अस्मिता को समर्पित राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी। कार्यकम में विशिष्ट अथिति के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद से वैज्ञानिकगण डॉ आनंद अरूर, जुगल किशोर मणि, अरुण एस सूर्यवंशी, पी काश्वेर, डॉ अमित दुबे, डॉ अखिलेश त्रिपाठी विशेष रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी एवं पीजी कालेज के प्रभारी प्रचार्य डॉ ऋचा मिश्रा, रिंकश वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। यह आयोजन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में साइंस क्लब, पीजी कॉलेज कवर्धा द्वारा आयोजित किया गया। कॉलेज परिसर के इंडोर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए स्पेस क्विज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, ऑनलाइन डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, सीधे संवाद सत्र तथा इसरो की चलित प्रदर्शनी स्पेस ऑन व्हील्स को एक दिन के लिए प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि विज्ञान का सही आशय केवल जिज्ञासा को शांत करना नहीं है, बल्कि खोज, अनुसंधान और जिज्ञासा को और अधिक प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज और मानव सभ्यता में विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली में गहराई से रचा-बसा है। हमारी दैनिक दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और पूजा-पद्धति में विज्ञान की गूंज स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को एक उदाहरण देते हुए बताया कि बीते समय में गांव की माताएं और महिलाएं अधिक शिक्षित नहीं होती थीं, फिर भी वे अपने रसोई घर को पूर्णतः वैज्ञानिक ढंग से संचालित करती थीं। भारत में रसोई केवल खाना पकाने की जगह नहीं, बल्कि एक शोधशाला की तरह होती थी, जहां स्वच्छता, पोषण और संतुलन को सबसे अधिक महत्व दिया जाता था। कार्यक्रम में आमंत्रित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उन्हें भारतीय अंतरिक्ष मिशनों की जमीनी सच्चाइयों, वैज्ञानिक संघर्षों और उपलब्धियों की गहराई से जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया।

### भारत को आत्मनिर्भर, नवाचारशील और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ले जा सकती है





उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आगे कहा कि हमारे यहां यह स्वीकार्य हो सकता है कि खाने के लिए डायनिंग टेबल और विशेष बर्तन न हों, लेकिन स्वच्छता से कोई समझौता नहीं होता। यह सोच अपने-आप में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। भारत में भोजन में हल्दी, तुलसी, नीम, काली मिर्च जैसी औषधीय वनस्पतियों का प्रयोग सदियों से होता आया है, जो आयुर्वेद और विज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विदेशों में भले ही भोजन की प्रस्तुति और बर्तनों पर अधिक ध्यान दिया जाता हो, लेकिन वहां स्वच्छता और पोषण पर वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण नहीं दिखता जो भारतीय परंपरा में सहज रूप से विद्यमान है उन्होने कहा कि आज हमें आवश्यकता है अपनी परंपरागत वैज्ञानिक विरासत को समझने, उसमें नवाचार जोड़ने और आगे बढ़ाने की। यही सोच भारत को आत्मनिर्भर, नवाचारशील और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ले जा सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पेस डे भारत में हर वर्ष 23 अगस्त को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद हुई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। 23 अगस्त 2023 को भारत का चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला विश्व का पहला मिशन बना। उन्होंने कहा कि स्पेस डे केवल उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं में विज्ञान, शोध और तकनीक के प्रति रुचि जगाने का संकल्प है। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित इसरो एवं सीकॉस्ट से आए वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें विज्ञान और अंतरिक्ष मिशनों की बारीकियों से अवगत कराया।

### स्पेस ऑन व्हील्स नामक मोबाइल प्रदर्शनी वाहन इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा

डॉ आनंद अरूर, जुगल किशोर मणि, अरुण एस सूर्यवंशी, पी काश्वेर, डॉ अमित दुबे और डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने चंद्रयान, मंगलयान, गगनयान और अन्य मिशनों की वैज्ञानिक चुनौतियों एवं तकनीकों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का मार्गदर्शनपूर्ण उत्तर भी दिया। इसरो द्वारा प्रदर्शित स्पेस ऑन व्हील्स नामक मोबाइल प्रदर्शनी वाहन इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। यह वाहन अत्याधुनिक तकनीक से युक्त है, जिसमें थ्री डी डिस्प्ले, इंटरएक्टिव मॉडल्स, और वर्चुअल स्पेस अनुभव जैसी सुविधाएं हैं। विद्यार्थियों ने इसमें अंतरिक्ष अभियानों की झलकियों को नजदीक से देखा और अनुभव किया। यह प्रदर्शनी न केवल ज्ञानवर्धक रही बल्कि बच्चों में उत्सुकता और प्रेरणा का संचार करने वाली साबित हुई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस वाहन का स्वयं अवलोकन किया और वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपमें से ही कोई भविष्य में इसरो का वैज्ञानिक बन सकता है, बस सपने देखें, वैज्ञानिक सोच अपनाएं और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में व्यास पूजा व एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्य डॉ के तिग्गा की अध्यक्षता में व्यास पूजा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में लोहारा महाविद्यालय की प्राचार्य एवं रासेयो जिला संगठक बेमेतरा एवं कबीरधाम जिला डॉ श्रीमती कामती सिंह परिहार उपस्थित थें। उन्होंने व्यास पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु की भूमिका उतनी ही आवश्यक है, जितनी प्राचीन काल में थी।

जिसमें शिक्षा, संस्कार, सामाजिकता महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं I साथ ही छात्राओं को बताया कि प्राचीनकाल से ही भारत वर्ष में गुरुकुल की प्रथा रही है, जिसकी प्रासंगिकता आज भी है एवं वेदव्यास के रचनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कन्या महाविद्यालय की रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह परिहार गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की प्राचीन गुरू-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करना है।

महाविद्यालय की प्राचार्य ने व्यास के जीवनी एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाभारत की रचना कर कैसे जनमानस में महान विचारों को प्रसारित किया है एवं गुरु पूजा के महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत फलदार पौधे जैसे अनार, कमरक, नींबू का पौधरोपण व महाविद्यालय के गार्डन एवं हॉस्टल गार्डन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण असित कुमार मिश्रा, डॉ बीरेंद्र कुमार जांगड़े, डॉ अगर दस बघेल, डॉ एसआर टंडन, एसआर चंद्रवंशी, राजा झारिया एवं शीतल साहू उपस्थित थे साथ ही साथ रासेयो की स्वयंसेविकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थें।

# मां शीतला डाक बम समिति ने 34 घंटे में किया मचकुंद महादेव में जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

पोंड़ी नगर से निकलकर अमरकंटक पहुंचकर जल लेकर जालेश्वर महादेव, मचकुंद महादेव में जलाभिषेक करने वाली मां शीतला डाक बम समिति पिछले 16 वर्षो से संचालित हो रहा है। इस वर्ष भी मां शीतला डाक बम समिति पोंड़ी के सदस्यो ने अमरकंटक से जल लाकर जालेश्वर महादेव और 34 घंटे में तीसरे सोमवार को मचकुंद महादेव का जलाभिषेक किया। पोंड़ी डाक बम के सदस्यों का इस वर्ष 16 वां वर्ष रहा है। जिसमे पोंड़ी डाक बम के 39 सदस्य 24 जुलाई गुरुवार को पोंड़ी नगर से अमरकंटक के लिए रवाना हुए, जिसके बाद सभी सदस्यों ने मां नर्मदा कुंड से जल लेकर रविवार की सुबह 03 बजे के करीब अमरकटंक से जल लेकर पैदल यात्रा प्रारंभ किया और पूरे 34 घंटे में सभी सदस्यों ने अपने द्वारा लिए संकल्प को तय समय में पूरा करते हुए नगर के मचकुंद महादेव में जलाभिषेक किया। पोंड़ी डाक बम समिति के अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि सबसे पहले गांव मे समिति गठन करने से पहले पाण्डातराई के मां शिवगंनी डाक बम के साथ 2009 मे शामिल होकर यात्रा की उसके बाद 2010 मे अपने गांव के साथियो से बैठ किया, जिसके बाद डाक बम समिति का गठन किया गया, श्री साहू ने बताया कि सबसे पहली कवर्धा से किया गया, दूसरी शुरुआत जिले में पांडातराई से किया और तीसरे नंबर में जिले में शुरुआत डाक बम और बोल बम का किया गया। उस समय 2010 में शीतला डाक बम समिति का गठन कर मुझे अध्यक्ष के रूप मे नियुक्त कर यात्रा का शुरूवात किया। उस समय सिर्फ 14 सदस्य के साथ अमरकंटक रवाना हुए थे। जयराम ने यह भी बताया की आज हमारे मां शीतला डाक बम समिति लगातार 16 वर्ष यात्रा पूर्ण कर रहे है। उन्होने शुरुआती दिनों की जानकारी देते हुए बताया कि मां शीतला बोल बम समिति का गठन 1998 मे रामातार निषाद, भगत साहू, सुरेश साहू, सुशील यादव, संतोष साहू, नंद गुप्ता, संतोष यादव, विष्णु गुप्ता, दिलीप श्रीवास्तव सहित सभी सदस्यो के साथ बैठक कर कवर्धा से भवर सिंह ठाकुर, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को शीतला मंदिर मे आमंत्रित कर बोल बम का यात्रा प्रारंभ हुआ और आस पास के सभी कांवड़ियों ने जुड़कर अपने गांव मे समिति गठित कर यात्रा कर रहे है। सबसे पहली शुरुवात कवर्धा से बोल बम समिति का शुरूवात हुआ दूसरे मे पांडातराई से फिर पोंड़ी से उसके बाद पूरे जिले मे समिति का विस्तार हुआ और आज बोल बम का आवाज पूरे जिला मे गूंज रहा है।

### नगरवासियों ने किया जोरदार स्वागत

मां शीतला डाक बम समिति के पहुंचते ही नगरवासियों ने सभी डाक बम के सदस्यो का जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद सभी सदस्य पहले नगर के इष्ट देवी की मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे और फिर मचकुंद महादेव मंदिर में जाकर सभी सदस्यो ने जलाभिषेक किया।



### कांवड़ियों के कदम पड़ते ही ग्राम पंवरजली बोल बम के नारा से गूंज उठा

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंवरजली के बोल बम समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक से मां नर्मदा जल लेकर कांवड़ यात्रा की। वहीं डोंगरियां जालेश्वर महादेव में जल अर्पण कर कोदवा से पंवरजली में रात्रि 8 बजे नगर भ्रमण कर ग्राम के मंदिरों में जलाभिषेक कर संकल्प पूरा किया। वहीं बोल बम के नारा से पंवरजली गूंज उठा। जिस पर बोल बम समिति व सरपंच अनिल सिंह राजपूत, उपसरपंच कुंजबिहारी, नरेश सिंह, अशोक सिंह, भागवत सिंह, नंदराम साहू, बलराम साहू, रमेश साहू सहित ग्रामवासियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र की सुख, शांति व उन्नति की कामना की गई।

# अस्थाई ग्रापं भवन की पूजा अर्चना कर पंचायत कार्य का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



नागपंचमी के पावन पर्व के पावन अवसर पर अस्थाई ग्राम पंचायत भवन की पंचायत प्रतिनिधियों एवं कांवड़ यात्रियों ने पूजा अर्चना कर पंचायत कार्य की शुरुआत की गई। मंगलवार को ग्राम पंचायत कुण्डा के पुरानी पंचायत भवन से स्थानांतरित कर थाने के सामने पुरानी भवन का जीर्णोद्वार कार्य कर पंचायत को विधिवत पूजा अर्चना कर वही शिप्ट किया गया। बताया जाता है कि 50 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत भवन का निर्माण हुआ था जो अत्यंत जर्जर हो चुका था, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के सुरक्षा को देखते हुए सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने थाना के सामने अतिरिक्त भवन को रंग-रोगंन कार्य करवाकर पंचायत कार्य को सुचारू रूप से संचालित किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत कुण्डा में प्रथम निर्वाचित सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर ने 80 के दशक में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण करवाया था, उसके बाद देखरेख के अभाव में उक्त भवन का रिपेयरिंग कार्य नहीं होने से नतीजा भवन अत्यंत जर्जर हो गया था। जिसे सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा को जर्जर भवन का अवलोकन करवाया था, अवलोकन पश्चात विधायक ने नए पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान करने की आश्वासन दिया। वहीं हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम बोल बम समिति कुण्डा द्वारा अमरकंटक से मां नर्मदे की पवित्र जल लेकर जालेश्वर महादेव डोंगरिया एवं सोमवार को बूढ़ा महादेव कवर्धा में जलाभिषेक कर मंगलवार को कुण्डा आगमन पर ग्राम कुण्डा विभिन्न मंदिरों में भ्रमण कर जलाभिषेक किया। इस दौरान सरपंच, उपसरपंच एवं समस्त पंचगण तथा परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, थाना प्रभारी साथ ही साथ गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### कवर्धा में मेडिकल कॉलेज स्थापना की राह हुई आसान, मजबूत स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आधार

# मुख्यमंत्री व उप-मुख्यमंत्री की पहल से जिला अस्पताल कवर्धा को 220 बिस्तरों तक विस्तारित करने की मिली मंजूरी





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सक्रिय पहल से जिले को आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है। राज्य शासन ने जिला अस्पताल कवर्धा को 100 से बढ़ाकर 220 बिस्तरों तक विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह न केवल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को नई ऊंचाई देगा, बल्कि वर्षों से प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज स्थापना की राह भी पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उपमुख्यंत्री शर्मा ने कबीरधाम जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए वर्तमान में 100 बिस्तर जिला अस्पताल को 120 बेड अतिरिक्त अपग्रेट करने कुल 220 बेड विस्तार के लिए विशेष मांग एवं अनुरोध किया था, ताकि मेडिकल कालेज की स्वीकृति के लिए राह आसान हो जाए। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा ने जिले के बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होने तथा मेडिकल कॉलेज की सभी आहर्ता पूरी करने पर मुख्यमंत्री के प्रति जिलेवासियों की तरह से आभार व्यक्त किया है। किसी भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए आवश्यक बुनियादी शर्तों में 220 बिस्तरों वाला अस्पताल अनिवार्य होता है।

इस स्वीकृति से मेडिकल कॉलेज स्थापना की मजबूत आधारशिला के रूप में कार्य करेगी। कबीरधाम के लिए यह केवल एक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त और शिक्षित भविष्य की आधारशिला है। मेडिकल कॉलेज का सपना अब पहले से अधिक निकट और यथार्थ के करीब दिखाई दे रहा है। यह निर्णय आने वाले वर्षों में जिले के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 16 जुलाई 2025 को जारी आदेश के अनुसार अस्पताल के विस्तार के साथ-साथ कुल 258 नए पदों की भी स्वीकृति दी गई है। इनमें वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अधीक्षक, मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, पैथालोजिस्ट, नाक-कान-गला विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ सभी आवश्यक पद शामिल हैं जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता को और सुदृढ़ बनाएंगे।

### जिले को 220 बिस्तरों वाला विस्तारित अस्पताल मिलना एक नए युग की शुरुआत

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कबीरधाम जिले को 220 बिस्तरों वाला विस्तारित अस्पताल मिलना केवल स्वास्थ्य सेवा का विस्तार नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है। इससे मेडिकल कॉलेज स्थापना का सपना अब वास्तविकता के करीब पहुंच चुका है। यह निर्णय जिले के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा और रोजगार के नए अवसर देगा तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उनके ही जिले में सुलभ कराएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी नागरिक इलाज और शिक्षा के लिए दूर न भटके।

### स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्रों में होगा समग्र विकास

यह निर्णय न केवल स्वास्थ्य सेवा के सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह कबीरधाम जिले को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से स्थानीय युवाओं को न केवल डॉक्टर और नर्स बनने का अवसर मिलेगा, बल्कि टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, लैब असिस्टेंट आदि के रूप में भी करियर की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले में सहायक स्वास्थ्य सेवाएं, शोध कार्य और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। इससे जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन कम होगा।

### सीनियर सिटीजन के सदस्यों ने देहदान का लिया संकल्प



**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 25 जुलाई को कवर्धा जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन के लोकार्पण के पश्चात पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुए सम्मान कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड की धारक सीनियर सिटीजन समिति के सदस्यों को जब मंच पर आमंत्रित किया गया, उसी समय समिति के सदस्य इंजीनियर एसएस जैन द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा की गई कि हम मृत्योपरान्त देहदान करना चाहते हैं। जिस पर तत्काल ही स्वास्थ्य मंत्री ने कवर्धा सीएमएचओ डॉ तुरे को बुलाकर इंजीनियर एसएस जैन से संपर्क करने के लिए निर्देशित किया। डॉ तुरे ने अतिव्यस्त रहते हुए पंडरिया विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रेमी कों संबंधित व्यक्तियों से तत्काल संपर्क करने हेतू निर्देशित किया ऑडिटोरियम हॉल में सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के प्रदेश प्रतिनिधि इंजीनियर एसएस जैन, समिति के फील्ड मार्शल सदस्य मूलचंद देवांगन एवं स्वास्थ्य विभाग से ही नेत्र सहायक पद से सेवानिवृत राजेश बिसारिया द्वारा देहदान हेतु निर्धारित प्रपत्र सौंपा गया। अति विशेष बात यह है कि इंजीनियर एसएस जैन द्वारा उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती राजनी जैन का देह भी उनकी इच्छा के अनुरूप आज से 7 वर्ष पूर्व रायपुर मेडिकल कॉलेज में दान किया गया है। उक्त कार्य में श्रीमती अनुपमा तिवारी, डीपीएमओ एवं असलम जिला सलाहकार आयुष्मान का विशेष सहयोग रहा। मंच पर बुलाकर तीनों देहदान संकल्पितों का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. रमेश आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को छत्तीसगढ़ आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के नीति आयोग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में पंजीकृत, उत्तरप्रदेश के प्रयागराज स्थित जीवन जागृति सेवा संस्थान ने प्रदान किया है। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता, छात्र सशक्तिकरण के प्रति समर्पण तथा भावी पीढ़ियों को आकार देने की प्रतिबद्धता के माध्यम से शिक्षा के मानकों को ऊँचा उठाने के लिए प्रदान किया गया है। ज्ञातव्य हो कि डॉ. चन्द्रवंशी इसके पहले विश्व रिकार्ड बनाने के साथ ही कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### बोड़ला की दो छात्राएं प्रयास में चयनित



**कवर्धा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से प्रयास विद्यालय में दो छात्राओ का चयन हुआ है। चयनित छात्राएं अब रायपुर में पढ़ाई करेगी। विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला में अध्यनरत छात्रा अस्मिता चंदेल निवासी मंडलाटोला तथा याना हठीले बोड़ला निवासी इन दोनो छात्राओं का चयन प्रयास विद्यालय में हुआ है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दोनो ही छात्राएं होनहार हैं। प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी तथा स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अंचल में बारिश का दौर लगातार जारी

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में बारिश का दौर लगातार जारी है। हालांकि कवर्धा की बात की जाए तो यहां मूसलाधार बारिश देखने को नहीं मिल रही है। जबकि जिले के वनांचल तथा पहाड़ी ईलाकों में झमाझम और तेज बारिश हो रही है। जिसके चलते इन क्षेत्रों के नदी नालों का जल स्तर भी बढ़ गया है वहीं कई नदी नालों में तो बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो चुके हैं। लेकिन कवर्धा में रिमझिम बारिश ही हो रही है।

# गांवों की सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं की मांगों को लेकर कांग्रेस ने नेशनल हाईवे में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम परसहा में सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की खस्ताहाल तथा चरमराई व्यवस्था को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्रभर के ग्रामीणों के साथ नेशनल हाईवे 30 में चक्काजाम कर दिया और क्षेत्र के ग्रामीणों की मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

बताया जाता है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा वर्षो से मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों के इस चक्काजाम से नेशनल हाईवे का आवागमन घंटो प्रवाहित रहा और मार्ग के दोनों ओर वाहनो की लम्बी कतारें लगी रही। इस चक्काजाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, बोड़ला ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षा, कवर्धा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम परसहा जिला मुख्यालय कवर्धा से महज 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित हैं। जहां करीब 95 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज की है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस आदिवासी बाहुल्य ग्राम में न तो सड़क है और न ही मूलभूत सुविधाएं।

उन्होने कहा कि करीब 350 की जनसंख्या वाला यह ग्राम प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की पात्रता रखता है लेकिन शासन द्वारा भगवान जाने क्यों इस आदिवासी बाहुल्य ग्राम को पक्की बारहमासी सड़क से वंचित रखा गया है। जबकि ग्रामवासियों द्वारा बीते करीब डेढ़ वर्षो में कई बार शासन प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को पक्की सड़क निर्माण तथा गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया जा चुका है लेकिन स्वीकृति आज तक नहीं दी गई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम परसहा में पक्की सड़क नहीं होने के कारण न सिर्फ स्थानीय ग्रामीणों को बल्कि क्षेत्र के ग्राम जरती, दशरंगपुर, दौजरी, बिजई, जेवडन सहित अन्य ग्रामों के भी हजारों ग्रामीणों, किसानो और स्कूली विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि बारिश के इन दिनों में पक्की सड़क के आभाव में क्षेत्र के लोगों को पोंड़ी होकर आना जाना करना पड़ रहा है जिससे न सिर्फ समय की बर्बादी हो रही है बल्कि ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसी प्रकार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम परसहा के ग्रामीण किसानो के खेत में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर बीते करीब दस दिनों से बिगड़ा पड़ा है जिसकी सूचना ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को दे दी है लेकिन आज पर्यंत न तो ट्रांसफार्मर सुधारा गया है और न ही बदला गया है।

जिससे किसानो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम परसहा तथा क्षेत्र के ग्रामीणों की इन्हीं मूलभूत समस्याओं व मांगों को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के सामने से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे रायपुर-जबलपुर मार्ग में चक्काजाम किया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### भाजपा सरकार में विकास के दावे खोखले: कांग्रेस



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कवर्धा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सहित कबीरधाम जिले की जनता से भाजपा ने सत्ता हंथियाने के लिए जो विकास के वायदे और दावे किए थे वे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी समाज से आते हैं और दुर्भाग्य का विषय है कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम के ग्रामीणों की मांग पर पक्की सड़क का निर्माण नहीं करा पा रहा है और वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार की यह आदिवासी समाज के प्रति घोर उपेक्षा है। लेकिन कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ है और उसके हक व अधिकार की लड़ाई में उसके साथ खड़ी है।

**आरोप:** तरेगांव जंगल परियोजना अधिकारी पर अभ्यर्थियों ने लगाए गंभीर आरोप, आडियो वायरल

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों का खुलेआम सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/बोड़ला

एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल जिला कबीरधाम में पदस्थ परियोजना अधिकारी और कर्मचारी के सिर पर भगवान जाने किसका हांथ है कि वे परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़घुसरी मैदान के लिए निकाले गए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका के पद का खुलेआम और बड़े ही बेखौफ ढंग से अभ्यर्थी के साथ सौदा करते सुनाई और दिखाई दे रहे हैं।

इतना ही नहीं सौदे की तय रकम एक लाख रूपए अभ्यर्थी द्वारा देने में असमर्थता जताएं जाने पर न सिर्फ परियोजना अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थी को जारी नियुक्ति पत्र निरस्त कर दिया गया बल्कि प्रतिक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी की नियुक्ति कर मामले को रफादफा करने का प्रयास किया गया। अब इस पूरे मामले और सौदेबाजी का एक आडियो सोशल मीडिया में दौड़ रहा है। हालांकि हरिभूमि इस आडियो की सत्यता प्रमाणित नहीं करता। लेकिन प्रदेश के गृहमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में संचालित कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल में पदस्थ परियोजना अधिकारी के नाम से इस तरह का आडियो सोशल मीडिया में वायरल होना ही एक गंभीर विषय तो है ही साथ शासन के सुशासन पर सवाल खड़ा करने वाला भी है।

दरअसल हाल ही में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल जिला-कबीरधाम द्वारा परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़घुसरी मैदान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके लिए अभ्यर्थी गीता मेरावी पिता कृष्ण कुमार मेरावी ने आवेदन किया था। अभ्यर्थी गीता मेरावी की माने तो आवेदन किए जाने के बाद उसे परियोजना कार्यालय तरेगांव जंगल में पदस्थ परियोजना अधिकारी नमन देशमुख द्वारा मोबाईल पर कॉल कर कार्यालय बुलाया गया।

जहां उन्होने गीता को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जैसा वे कह रहे हैं अगर वैसा उसके द्वारा किया जाता है तो उसकी नियुक्ति हो जाएगी। इतना ही नहीं श्री देशमुख ने गीता को किसी नेता के चक्कर में न पड़ने तथा इस बात को अपने तक ही रखने की हिदायत भी दी। साथ ही उसे संबंधित ग्राम पंचायत के सरंपच तथा कुछ स्थानीय ग्रामीणों का सहमति पत्र बनाने के लिए कहा। अभ्यर्थी गीता मेरावी के मुताबिक इस नियुक्ति के लिए उससे कुल एक लाख रूपए की मांग की गई है। गीता द्वारा एक लाख रूपए की राशि देने की सहमति देने पर तथा परियोजना अधिकारी द्वारा मांगा गया पंचायत का सहमति पत्र प्रस्तुत करने के बाद कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना तरेगांव जंगल जिला-कबीरधाम द्वारा गीता मेरावी के नाम से नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया।

लेकिन पैंच तब फंस गया जब गीता मेरावी तय समय के मुताबिक एक लाख रूपए के स्थान पर सिर्फ पचास हजार रूपए की ही व्यवस्था कर पाई। गीता मेरावी ने बताया कि उसके पास जब परियोजना कार्यालय तरेगांव जंगल से किसी रामधार नामक व्यक्ति का मोबाईल पर राशि लाने के लिए कॉल आया तो उसने इस बात की जानकारी उसे दी। जिसके बाद उसकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई और प्रतिक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी का चयन उक्त पद के लिए कर लिया गया। पीड़ित अभ्यर्थी गीता मेरावी ने इस पूरे मामले तथा परियोजना अधिकारी से लेकर वहां के कर्मी से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए की गई सौदेबाजी का बकायदा आडियो भी जारी किया है और अब न्याय की गुहार लगाई है।



### मामले की निष्पक्ष व सूक्ष्म जांच की मांग

पीड़ित अभ्यर्थी सहित क्षेत्रवासियों ने इस पूरे मामले तथा वायरल आडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के गृह मंत्री से की है। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। लोगों का यह भी आरोप है कि अगर प्रदेश गृह मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में इस तरह से शासन द्वारा स्वीकृत पदों की सौदेबाजी अधिकारियों द्वारा की जा रही है तो फिर सुशासन कहां है?

### आरोप निराधार एवं बेबुनियाद हैं

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति को लेकर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वे पूरी तरह से निराधार तथा बेबुनियाद हैं।

**नमन देशमुख, परियोजना अधिकारी तरेगांव जंगल**

### सहायिका पद के लिए मांगे 25000

ग्राम पंचायत मुड़घुसरी मैदान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की ही तरह सहायिक के लिए भी अभ्यर्थी विद्या मेरावी पिता चंद्रभान मेरावी निवासी मुड़घुसरी मैदान से 25000 रूपए की मांग की गई। जिसके लिए परियोजना कार्यालय तरेगांव जंगल से उसके पास किसी रामाधार नाम के व्यक्ति द्वारा संपर्क किया गया था। लेकिन राशि देने में असमर्थता जाहिर करने पर के बाद कार्यालय द्वारा प्रतिशत के आधार प्रथम पात्र विद्या मेरावी को दरकिनार कर अब नए सिरे से विज्ञापन जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है।

### आखिर क्यों की गई नियुक्ति रद्द?

इस पूरे मामला में पहला और बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि जब कार्यालय परियोजना अधिकारी तरेगांव जंगल द्वारा गीता मेरावी की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद में करते हुए नियुक्ति पत्र जारी कर दिया था तो फिर उसे निरस्त करने की क्या जरूरत पड़ी। हालांकि इस पर परियोजना अधिकारी द्वारा कुछ दस्तावेजों में त्रुटि का हवाला दिया जा रहा है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले विभाग ने अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच नहीं की गई थी या फिर वास्तव में दाल में कुछ काला है।



# शिकायत के महीने भर बाद मिला ट्रांसफार्मर, भैंसा गाड़ी में ढोया गया, कार्य स्थल में निकला खराब

- विद्युत विभाग की व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम तमरूवा में विद्युत विभाग की एक बड़ी लापरवाही तथा बेपरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि ग्राम तमरूवा में विद्युत ट्रांसफार्मर बीते करीब महिने भर से बंद पड़ा था। जिसे लेकर ग्रामीण उपभोक्ताओं व किसानो द्वारा लगातार विभाग से शिकवा शिकायत की जा रही थी। लेकिन विभाग द्वारा ग्रामीणों की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। विभाग के इस रवैये पर जब ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया तो विभाग द्वारा एक ट्रासफार्मर और विद्युत कर्मी ग्राम तमरूवा भेजे गए। विभाग द्वारा भेजा गया विद्युत ट्रांसफार्मर वाहन से ग्राम तमरूवा तो पहुंच गया लेकिन उसे पोल तक ले जाने के लिए विभाग के पास कोई इंतजाम नहीं थी। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों द्वारा एक भैंसा गाड़ी की व्यवस्था की गई और जैसे तैसे ट्रांसफार्मर को भैंसा गाड़ी में लादकर खेतों में लगी किसानो की धान की फसल को कुचलते हुए पोल तक पहुंचाया गया। हद तो तब हो गई जब पोल तक लाया गया विद्युत विभाग द्वारा भेजा गया यह ट्रांसफार्मर खराब निकल गया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों और किसानो का गुस्सा एक बार फिर भड़क गया और उन्होने विद्युत विभाग को जमकर कोसा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी अपने दायित्वों के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। दर्जनो के शिकायतों और अर्जी विनती के बाद विभाग ने महिने भर जैसे तैसे ट्रांसफार्मर भेजा भी तो वह भी खराब। वहीं इस मामले में सहायक अभियंता का कहना है कि ट्रांसफार्मर हिलने-डुलने के कारण खराब हो गया होगा। गारंटी पीरियड का ट्रांसफार्मर है इसलिए खोलकर देखा जाना संभव नहीं है. सारे ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग होती है, उसके बाद रिपोर्ट तैयार होती है। ट्रांसपोर्टिंग के कारण समस्या आ सकती है। बेहरहाल इस पूरी कवायत के बाद भी ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ई-ऑफिस अंतर्गत कार्य का किया शुभारंभ

## ई-ऑफिस प्रणाली से कार्यालयीन कार्यों का होगा सरलीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला प्रशासन के कार्यप्रणाली में एक नई तकनीकी पहल की शुरुआत करते हुए कलेक्टोरेट के कलेक्टर कक्ष में ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-ऑफिस के उपयोग, उद्देश्यों और लाभों की जानकारी दी तथा स्वयं भी प्रणाली को समझते हुए ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ की। इस दौरान अपर कलेक्टर विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा, देवेश सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार अब सभी शासकीय विभागों में फाइलों, नस्तियों एवं डाकों का निपटान ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इससे न केवल कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि फाइलों की गति भी तीव्र होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त विभाग प्रमुख अपने-अपने विभागों में ई-ऑफिस के संचालन को तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करें और नियमित रूप से प्रशिक्षण लेते हुए इसे सुचारू बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था से शासन की पेपरलेस गवर्नेंस की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगा। इससे फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी, लंबित प्रकरणों पर तुरंत कार्यवाही संभव होगी और आमजन को सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ऑफिस के कार्यों का सरलीकरण करने की दिशा में ई-ऑफिस एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पहल है। इसके माध्यम से डिजिटल तरीके से शासकीय पत्राचार किए जा सकेंगे। जिससे कार्य के संपादन में गति एवं कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस के क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह एक नया कार्य है और इसके क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी रूचि लेते हुए सक्रियता से कार्य करेंगे। इस दौरान विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ई-ऑफिस संचालन से संबंधित जानकारी दी गई, जिसमें सिस्टम लॉगिन, फाइल मूवमेंट, पत्राचार, डिजिटल हस्ताक्षर और ट्रैकिंग से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की गई।

# छात्राओं ने सैनिकों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



खपरी ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित वाणी विद्या मंदिर के छात्राओं ने अपने हाथों से वैदिक रंग बिरंगी राखी बनाकर लिफाफा में पैक कर डाक के माध्यम से देश के सैनिकों के लिए भेजी है। वहीं छात्राओं ने पत्र लिखकर उनके लिए शुभ मंगलकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर समिति के सहसचिव दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि जो सैनिक भाई अपने घर से दूर है उन्हें रक्षा बंधन के दिन अपने घर की याद आएगी इस दौरान बच्चों की राखियां उन्हें अपने परिवार के नजदीक ले जाने का कार्य करेगी। उन्होने कहा कि बच्चों ने सराहनीय कार्य किया है। शिक्षक विष्णु साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धक किया। उन्होने कहा के देश के सैनिक के प्रति हर नागरिक की ऐसी ही सोच होनी चाहिए। इस मौके पर वाणी विद्या मंदिर के शिक्षिका और सभी छात्राएं उपस्थित थे।

### आवेदन की तिथि 5 अगस्त तक

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत राज्य के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य श्रमिकों के बच्चों को समान अवसर उपलब्ध कराकर उनके भविष्य को सशक्त बनाना है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत श्रमिक श्रम मेव जयते" वेब पोर्टल श्रम मेव जयते जीओवी इन अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जिला श्रम कार्यालय, श्रम संसाधन केंद्र और लोक सेवा केंद्र में जाकर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने बच्चों को उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करें। सचिव गिरीश राम टेके ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नजदीकी जिला श्रम कार्यालय या श्रम संसाधन केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

**सांसद पांडेय ने खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा व संसाधन सुनिश्चित कराने का उठाया मुद्दा**

# सांसद ने जिले में खेल भवन निर्मित करने लोक सभा में रखी मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने कबीरधाम जिला व आसपास के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा एवं संसाधन सुनिश्चित कराने का मुद्दा लोकसभा में उठाया। उन्होंने बेहतर खेल सुविधा एवं संसाधन सुनिश्चित करने हेतु जिले में बहुउद्देशीय खेल भवन निर्मित करने की मांग केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और सदन के समक्ष रखा। राजनांदगांव लोक सभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि कवर्धा नगर में इस बहुउद्देश्यीय भवन के निर्माण हो जाने से कबीरधाम जिले सहित आस-पास के क्षेत्रों और खासकर खेल के क्षेत्र में रूचि रखने वाले हमारे वनांचल क्षेत्रों के बैगा आदिवासी परिवार के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एक ही स्थान पर बैंडमिंटन, बास्केट बॉल, जूडो, हैडबॉल तीरंदाजी सहित अन्य खेलो का प्रशिक्षण प्राप्त कर वे सभी युवा अपने हुनर व कौशल से देश-विदेश में हमारे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा कवर्धा नगर में खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए बहुउद्देश्यीय भवन के निर्माण हेतु लगभग 20 करोड़ रुपए एवं एथलेटिक ट्रैक हेतु 6 करोड़ 63 लाख रुपए का प्रस्ताव केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया को दिया है। जिसकी स्वीकृति प्रदान कर राशि आवंटित करने आग्रह भी किया। सांसद पांडेय ने बताया कि कबीरधाम जिला खेल के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। यहाँ के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में जिले से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। कई खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। खेल के क्षेत्र में जिले की अलग पहचान है। यहां के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। ताकि उन्हें इससे और मदद मिल सके।